


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

साझा करें अपने मित्रों से
सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग
लीपा पोती नहीं सिर्फ सच
संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल




वर्ष- 13, अंक - 224 | श्रीकंचनपथ ONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, बुधवार 1 जून 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास खबर

### भारतीय प्रशासनिक सेवा के 6 अधिकारियों के प्रभार बदले

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन ने 6 आईएएस अधिकारियों की नई पदस्थापना की है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा मंत्रालय महानदी भवन से जारी आदेश के अनुसार भारतीय प्रशासनिक सेवा के अंकित आनंद सचिव ऊर्जा विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कम्पनी को उनके वर्तमान कर्त्तव्यों के साथ-साथ सचिव मुख्यमंत्री सचिवालय का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। गरियाबंद की कलेक्टर सु नम्रता गांधी को अब संयुक्त सचिव छत्तीसगढ़ शासन मंत्रालय में पदस्थ किया गया है। आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर प्रभात मलिक को गरियाबंद कलेक्टर बनाया गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रायगढ़ रवि मित्तल को अब मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रायपुर के पद पर पदस्थ किया गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रायपुर तथा अतिरिक्त प्रभार प्रबंध संचालक स्मार्ट सिटी रायपुर मयंक चतुर्वेदी को आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर के पद पर पदस्थ करते हुए उन्हें स्मार्ट सिटी रायपुर के प्रबंध संचालक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

### उत्तर बस्तर डिवीजन टीडी टीम की एक महिला नक्सली ने किया आत्मसमर्पण

**नारायणपुर।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत उत्तर बस्तर डिवीजन टीडी. टीम की सदस्य महिला नक्सली सुमित्रा पोटाई उर्फ रविला उम्र 25 वर्ष ने आज अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (नक्सल आप्स), पुष्कर शर्मा के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पित महिला नक्सली सुमित्रा पोटाई उर्फ रविला को 2003 में निब्रा सीएनसी सदस्य टीरू मड़काम ने शादी का प्रलोभन देकर नक्सली संगठन में शामिल कराया था, परन्तु टीरू मड़काम स्वयं शीघ्र ही नक्सली संगठन छोडकर भाग गया।

# सिंप्लेक्स कास्टिंग के प्रशासनिक भवन में लगी आग, तीन करोड़ का नुकसान

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। औद्योगिक क्षेत्र स्थित सिंप्लेक्स कंपनी में बुधवार तड़के भीषण आग लग गई। आग की लपटें आसमान छू रही थी। रात लगभग 2 :30 बजे दमकल विभाग को सूचना मिली। इसके बाद पहुंची दमकल विभाग की टीम ने लगभग तीन घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान चार दमकल वाहनों को रवाना किया गया था। बताया जा रहा है कि इस घटना से कंपनी को लगभग 3 करोड़ का नुकसान हुआ है।



मिली जानकारी के 31 मई की आधी रात के बाद औद्योगिक क्षेत्र एसीसी जामुल के पास स्थित सिंप्लेक्स कंपनी में आग लग गई। जिस बिल्डिंग में आग लगी वहां धीरे धीरे आग फैलने लगी। इसके बाद आग ने पूरी बिल्डिंग को घेर लिया। मौके से अग्निशमन विभाग को कॉल किया गया। लगभग 2:30 बजे दमकल विभाग के वाहन मौके पर पहुंचे। चार वाहनों में कुल 13 अग्निशमन कर्मियों ने आग बुझाना शुरू किया। 3 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

अग्निशमन कर्मी एफ प्रवीण बारा व नागेश मारकंडे ने बताया कि आग काफी फैल चुकी थी। जब हम वहां पहुंचे तो बिल्डिंग में ऊपर तक आग फैल गई थी। इसके बाद तत्काल आग बुझाने का काम शुरू किया गया। इस दौरान कंपनी की बिजली कटवाई गई और कर्मचारियों को दूर रखा गया। लगभग तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका है। आग से किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

बिल्डिंग में सिंप्लेक्स कंपनी का करोड़ों का सामान रखा हुआ था, जो की आग की चपेट में आ गया। अग्निशमन कर्मी एफ प्रवीण बारा, नागेश मारकंडे, पराग भोसले, धर्मेंद्र बंजारे, महेंद्र चंदेल ,प्रवीण सिन्हा, धनु यादव और घनश्याम यादव सहित नगर सैनिकों ने कड़ी मेहनत से आग को बुझाया। उनके मुताबिक इस आग से कंपनी को तीन करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ है।

# लाइव कॉन्सर्ट के दौरान जाने-माने बॉलीवुड सिंगर केके की मौत

## पीएम मोदी और सीएम बघेल ने जताया शोक

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** बॉलीवुड के जाने-माने सिंगर कृष्ण कुमार यानी केके की मंगलवार रात लाइव कॉन्सर्ट के दौरान मौत हो गई। जिस समय यह अनहोनी हुई केके कोलकाता में कार्यक्रम प्रस्तुत कर रहे थे। बताया जा रहा है कि कार्यक्रम के दौरान उन्हें घबराहट महसूस हुई, इसके बाद उन्हें पास के अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

मंगलवार की रात केके नजरूल मंच पर कार्यक्रम प्रस्तुत कर रहे थे। माना जा रहा है कि केके की मौत हार्ट अटैक के कारण हुई है। हालाँकि मौत का कारण पोस्टमार्टम के बाद ही साफ़ हो सकेगा। केके का जन्म 23 अगस्त 1968 को दिल्ली में हुआ था। एआर रहमान के साथ उनकी प्लेबैक सिंगर के रूप में शुरुआत हुई। हम दिल दे चुके सनम फिल्म में उनका गया गीत तड़प-तड़प के इस दिल से, माचिस फिल्म में उनके गए गीत छोड़ आये हम वो गलियां को काफी शुहरत मिली। केके ने कई भाषाओं में न केवल गीत गए, बल्कि हजारों की संख्या में जिंगल भी गईं। पिछले चाँद दिनों में संगीत की



दुनिया को यह दूसरा झटका है। कुछ रोज पहले पंजाबी सिंगर सिद्धू हो भी संगीत प्रेमियों ने खोया है। केके के माता-पिता मलयाली मूल के हैं, जबकि केके की शिक्षा दिल्ली में हुई। केके के असमय निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुःख जताया है। उन्होंने ट्वीट कर लिखा की केके के निधन से दुखी हूँ। उनके गानों ने हर आयु के लोगों को प्रभावित किया है। उनके गीतों के कारण लोग उन्हें याद रखेंगे। मेरी संवेदनाएं केके के परिवार के साथ हैं। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी केके के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने केके का गया 'हम रहे या न रहे कल, कल याद आएंगे ये पल गीत ट्वीट करते हुए लिखा कि सुप्रसिद्ध गायक केके का यूँ अचानक चले जाना बहुत स्तब्ध कर देने वाली दुखद सूचना है। ईश्वर उनके चाहने वालों को हिम्मत दें। 'गीत जीवित रहेंगे, शब्द गूंजते रहेंगे।'

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ग्राम बासीन पहुंचकर भूपत साहू को दी श्रद्धांजलि

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बालोद जिले के गुरुर विकासखण्ड के ग्राम बासीन पहुँचकर गृह मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू के बड़े भाई श्री भूपत साहू के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवारजनों से भेंट कर अपनी संवेदना प्रकट की और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

इस मौके पर गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व सांसद पी.एल.पुनिया, कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला



भेंड़िया, संजारी बालोद विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा, बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा, पूर्व विधायक डोमेन्द्र भेंडिया, भैय्याराम सिन्हा, वीरेंद्र साहू, प्रीतम साहू सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## 500 सालों से चला आ रहा इंतजार खत्म

# शुभ मुहूर्त में राममंदिर गर्भगृह का शिलान्यास

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** देश-विदेश में रह रहे करोड़ों हिंदुओं के लिए बहुत बड़ा दिन है क्योंकि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अयोध्या में बन रहे भव्य श्रीराम मंदिर के गर्भगृह के लिए शिलापूजन किया। इसी के साथ ही गर्भगृह के निर्माण का काम शुरू हो गया है।

माना जा रहा है कि साल 2023 के अंत तक निर्माण कार्य पूरा हो जायेगा और 2024 की शुरुआत में रामलला भव्य मंदिर के गर्भगृह में विराजमान होंगे। शिलान्यास के लिए



अयोध्या आने से पहले योगी ने अपनी भावनाओं को शब्दों में उड़ेलते हुए सुबह ट्वीट किया, 'राम काजु कीन्हें बिन मोहि कहां बिश्राम...।' अयोध्या पहुँच कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबसे पहले हनुमानगढ़ी मंदिर में हनुमानजी के पूजन और दर्शन किये इसके बाद उन्होंने रामलला के दर्शन और पूजन कर शिलान्यास कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पूज्य संतों के अलावा उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, राम मंदिर ट्रस्ट से जुड़े लोग, अयोध्या के सांसद, विधायक, आमजन तथा प्रशासनिक अधिकारी गण मौजूद थे।

# कश्मीरी पंडित धरने पर, भाजपा सरकार आठ साल का जश्न मनाने में व्यस्त : राहुल गांधी

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कश्मीर में एक हिंदू शिक्षिका की हत्या की घटना को लेकर बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा और कहा कि कश्मीरी पंडित धरने पर हैं, लेकिन सरकार अपने आठ साल पूरे होने का जश्न मनाने में व्यस्त है।

उन्होंने ट्वीट किया, कश्मीर में पिछले 5 महीनों में 15 सुरक्षाकर्मी शहीद हुए और 18 नागरिकों की हत्या कर दी गयी। कल भी एक शिक्षिका की हत्या कर दी गयी। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा, 18 दिनों से कश्मीरी पंडित धरने पर हैं लेकिन भाजपा सत्ता में अपने आठसाल पूरे होने का जश्न मनाने में व्यस्त है।

प्रधानमंत्री जी, ये कोई फ़िल्म नहीं है बल्कि आज कश्मीर की सच्चाई है। कश्मीर घाटी के



कुलगाम जिले में एक हिंदू शिक्षिका की हत्या के विरोध में जम्मू शहर के विभिन्न हिस्सों में मंगलवार को प्रदर्शन हुए। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन का पुतला फूंका और पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी की। पुलिस के मुताबिक, 36 वर्षीय रजनीबाला की आतंकवादियों ने मंगलवार को गोली मारकर हत्या कर दी। वह सांबा जिले की रहने वाली थीं। हर रोज की तरह रजनी बाला बच्चों को पढ़ाने के लिए स्कूल के लिए रवाना हुईं। जब वह स्कूल परिसर के नजदीक पहुंचीं तो आतंकियों ने उन पर गोलियां चला दीं। एकाएक रजनी जमीन पर गिर पड़ीं। इसके बाद स्थानीय लोग और स्कूल स्टाफ ने उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं, गोलियों की आवाज सुनकर कई स्कूली बच्चे बेहोश हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस और सुरक्षाबल के जवान भी मौके पर पहुंचे।


मृतक रजनी बाला के पति राजकुमार भी शिक्षक हैं और कश्मीर संभाग में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। टीचर रजनी की 12 साल की एक बेटी भी है, जो अपने माता-पिता के साथ घाटी की वादियों में रह रही थी। रजनी सांबा जिले के नानके चक की रहने वाली थीं और पिछले करीब पंद्रह सालों से कश्मीर संभाग में कार्यरत थीं।






## स्थाई स्तंभ

# नलों से ऐसे कैसे घर-घर पहुंचे अमृत



दीपक रंजन दास

घर-घर नल का पानी पहुंचाने के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर दिए गए। पर साल दो साल में ही स्थिति जस की तस हो गई है। राहत की बात केवल इतनी है कि 8-10 दिन में मानसून के पहुंच जाने की संभावना है। फिर कुछ ही दिनों में सबकुछ ठीक हो जाएगा और बात एक साल के लिए भुला दी जाएगी। दरअसल इस योजना के नामकरण में ही गड़बड़ है। यही मुसीबत की जड़ है। किसने कहा था योजना का नाम अमृत मिशन रखा जाए? अमृत कोई हंसी ठट्ठे की चीज है। इसके लिए क्षीरसागर में कच्छप अवचार का आधार चाहिए। मथनी के लिए मदरांचल पर्वत चाहिए, मथनी की रस्सी के लिए वासुकी जैसा सर्प और मथने के लिए देव और दैत्यों की सेना चाहिए। तब कहीं जाकर निकलेगा अमृत। अब यही अमृत अगर टंकियों और पाइप से होता हुआ लोगों के घर तक पहुंचने लगेगा तो उसकी कोई कद्र रह जाएगी क्या? जब अमृत इस तरह लोगों के घर पहुंचा तो लोगों ने उसे यूं ही नालियों में बह जाने दिया। इस घोर अपमान से अमृत कुपित हो गया। उसने पाइपों से होकर गुजरने से इंकार कर दिया। टंकियां बड़ी हुईं, पंपों की ताकत बढ़ाई गई, पर अमृत टस से मस नहीं हुआ। बस तभी से अमृत फूफाजी बने हुए हैं। उनका मुंह ऐसा फूला है कि अब गुलाब जामुन-रसगुल्ला देखकर भी उनके मुंह में पानी नहीं आता। सालियों की ठिठोली भी उन्हें अब रास नहीं आतीं। इतने सालों में वो सालियां रहीं भी नहीं। बाल-बच्चेदार घरवालियां हो गई हैं। अब तो एक ही रास्ता रह गया है। योजना का नाम बदल दो। अमृत की बजाय कुछ और रख दो। दारू वालों से पूछ लो- उनके पास अच्छे नामों का खजाना है। समस्या खुद-ब-खुद हल हो जाएगी।







## संपादकीय

# आत्मघाती मजबूरी

जयपुर-अजमेर मार्ग पर स्थित एक गांव के एक घर में ब्याही तीन बहनों की आत्महत्या की घटना हृदयविदारक है। दुखद यह है कि एक नवजात समेत दो बच्चों के भी शव मिले हैं। तीन में से दो बहनें गर्भवती भी थीं। ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि बहनों ने ऐसा भयावह आत्मघाती कदम क्यों उठाया? निस्संदेह, घटनाक्रम से जुड़ी कई संदिग्ध परिस्थितियां सामने आई हैं, वास्तविकता का पता तो पुलिस की गहन जांच-पड़ताल से ही पता चलेगा, लेकिन प्रथम दृष्टया घटना को आत्महत्या ही बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि तीनों बहनें जीवट वाली थीं और बाल विवाह में बंधने के बावजूद उच्च शिक्षा तक हासिल की थी। एक बहन तो सरकारी नौकरी के लिये परीक्षा तक दे आयी थी। जबकि उनके पति मामूली पढ़े थे। दहेज के भी प्रसंग जुड़े हैं और मारपीट के भी। बताते हैं कि एक बहन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर जीने के प्रति अरुचि दर्शायी थी। संभवत: यदि समय रहते समाज या परिवार की तरफ से बहनों की काउंसिलिंग होती तो शायद ये जानें बचायी भी जा सकती थीं। हो सकता है कि बहनों के मायके की माली हालत घर लौटने की इजाजत नहीं देती होगी। जो परिवार तीन नाबालिग बेटियों को एक ही दिन एक परिवार की चौखट से जोड़ दे, उसकी आर्थिक सीमाएं होंगी। बहुत संभव है कि बेटियां जीवन की दुश्वारियों का इसी वजह से प्रतिकार करने की स्थिति में न रही हों। बहरहाल, घटना बेहद दुखद है। यह भी विडंबना ही है कि कोई क्यों जीने के बजाय मौत को आसान रास्ता मान लेता है। निस्संदेह, पूरे देश व दुनिया में कोरोना संकट ने करोड़ों लोगों के रोजगार छीने, बहुत से लोगों ने अपनों को खोया और महंगाई ने उस त्रासदी को बढ़ाया है। पूरे देश में आत्महत्याओं का ग्राफ बढ़ा है। वैसे भी गरीबी सबसे बड़ा अभिशाप है जो तमाम तरह की विसंगतियों व सामाजिक विद्रूपताओं को जन्म देती है जो दुश्चक्र बनकर जीवन लीलता है। लेकिन घरेलू कलह के चलते आत्महत्याओं का अंतहीन सिलसिला बेहद कष्टकारी है। यहां यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या तीनों बहनें हालत से जूझते हुए इतनी कमजोर हो गई थीं कि बच्चों समेत कुएं में कूदना ठीक समझ लिया? क्या उन्हें जीवन में कहीं से रोशनी की किरण नजर नहीं आई? आज हमारा समाज इतना संवेदनहीन क्यों हो गया कि उसे आसपास की कराहें सुनाई नहीं देतीं? हम बेटियों को सपने तो दिखाते हैं लेकिन उनको उड़ने के लिये पंख नहीं देते। अशिक्षा व गरीबी सौ समस्याओं को जन्म देती हैं लेकिन पढ़ी-लिखी बेटियां यदि अनपढ़ व शराबी पति द्वारा प्रताड़ित होती हों, तो निस्संदेह उनका जीवन नारकीय हो जाता है। अब मृत बहनों के पतियों व ससुरालियों की गिरफ्तारी हुई है, लेकिन क्या इससे बेटियों को न्याय मिल पायेगा? बहरहाल, हालात जैसे भी हों बेटियों को शिक्षा व परामर्श से इतना मजबूत बनाया जाना चाहिए कि वे आवेश में जीवन न गवाएं। उन्हें अहसास कराना चाहिए कि ससुराल में हालात कितने ही विकट क्यों न हों, जीवन की कई राहें फिर भी बचती हैं। मायके के रास्ते उनके लिये कम से कम सदा खुले होने चाहिए। उस दकियानूसी सोच का भी प्रतिकार होना चाहिए जो कहती है कि बेटी मायके में ही पड़ी रहती है। निश्चित रूप से जब कोई आत्मघाती कदम उठाता है तो मान लेता है कि बाहर निकलने के रास्ते खत्म हो चुके हैं। निस्संदेह, मुश्किलों से जूझती बेटियों के लिये कुछ रास्ते खुलने चाहिए। उन्हें जीवन रक्षा के उपायों व कानूनी संरक्षण की जानकारी होनी चाहिए। देश में घुटन में जी रही बेटियों के परामर्श के लिये ऑनलाइन हेल्पलाइन के विकल्प खुले रहें। सत्ताधीश ऐसे मामलों में भले ही संवेदनशीलता न दिखाएं, सामाजिक संगठनों को ऐसी बेटियों को बचाने के लिये नई पहल करनी चाहिए। साथ ही मां-बाप को भी बच्चियों को इस बात के लिये मानसिक रूप से तैयार करना चाहिए कि मुश्किल हालात में उसे क्या करना है। स्कूलों में किताबी पाठ्यक्रम के साथ ही बेटियों को व्यावहारिक जीवन का ज्ञान देना शिक्षिकाओं की भी जिम्मेदारी है।

“ अब मृत बहनों के पतियों व ससुरालियों की गिरफ्तारी हुई है, लेकिन क्या इससे बेटियों को न्याय मिल पायेगा? बहरहाल, हालात जैसे भी हों बेटियों को शिक्षा व परामर्श से इतना मजबूत बनाया जाना चाहिए कि वे आवेश में जीवन न गवांएं। उन्हें अहसास कराना चाहिए कि ससुराल में हालात कितने ही विकट क्यों न हों, जीवन की कई राहें फिर भी बचती हैं। मायके के रास्ते उनके लिये कम से कम सदा खुले होने चाहिए। उस दकियानूसी सोच का भी प्रतिकार होना चाहिए जो कहती है कि बेटी मायके में ही पड़ी रहती है। निश्चित रूप से जब कोई आत्मघाती कदम उठाता है तो मान लेता है कि बाहर निकलने के रास्ते खत्म हो चुके हैं। निस्संदेह, मुश्किलों से जूझती बेटियों के लिये कुछ रास्ते खुलने चाहिए। उन्हें जीवन रक्षा के उपायों व कानूनी संरक्षण की जानकारी होनी चाहिए। देश में घुटन में जी रही बेटियों के परामर्श के लिये ऑनलाइन हेल्पलाइन के विकल्प खुले रहें। सत्ताधीश ऐसे मामलों में भले ही संवेदनशीलता न दिखाएं, सामाजिक संगठनों को ऐसी बेटियों को बचाने के लिये नई पहल करनी चाहिए।

“ कोरोना का दबाव कम होने के साथ उम्मीद थी कि इस साल भारत काफी तेजी से तरक्की करेगा। दुनिया भर की बड़ी एजेंसियां ऐसी रिपोर्ट जारी कर चुकी हैं कि भारत की जीडीपी दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ सकती है। मगर चीन में कोरोना की वापसी की आशंका और यूक्रेन पर रूस के हमले ने अचानक सारी बिसात उलटकर रख दी। महंगाई का तेज झटका तो पूरी दुनिया को लगा है, लेकिन भारत में इससे ग्रोथ पटरी पर लौटने की उम्मीदों पर पानी फिर रहा है।

# ब्याज दर बढ़ाकर कितनी घटेगी महंगाई

आलोक जोशी, वरिष्ठ पत्रकार

महंगाई अब बहुत महंगी पड़ने लगी है। अब तक तो जनता ही इसकी मार झेल रही थी, लेकिन अब लगता है कि सरकार को भी यह डर सता रहा है कि महंगाई कहीं उसे भी महंगी न पड़ जाए। इसी का असर है कि एक के बाद एक एलान हो रहे हैं- पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी घटाने का फैसला, गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध, चीनी के निर्यात पर रोक, सोयाबीन और सूरजमुखी तेल के ड्यूटी फ्री आयात का फैसला, स्टील पर निर्यात शुल्क लगाने का फैसला, स्टील के कच्चे माल के आयात पर शुल्क हटाने का फैसला आदि। ये सारे फैसले एक ही दिशा में जाते हैं। महंगाई को किसी तरह मात दी जाए। खुदरा महंगाई का आंकड़ा आठ साल में सबसे ऊपर पहुंच चुका है और थोक महंगाई का आंकड़ा 13 महीने से लगातार दो अंकों में है।

हालांकि, जीडीपी ग्रोथ का आंकड़ा अनुमान के मुताबिक ही आया है। महंगाई की मार को देखते हुए ही आशंका थी कि यह आंकड़ा चार प्रतिशत के आसपास रहेगा। फिक्र की बात यह है कि यहां भी गैर-सरकारी खर्च के आंकड़े में बढ़ोतरी फिर कमजोरी दिखा रही है। जीडीपी आंकड़े के कुछ ही पहले सरकारी घाटे का आंकड़ा भी आया है, जो दिखा रहा है कि सरकारी घाटा जो जीडीपी का 6.9 प्रतिशत तक जाने का अनुमान था, इस बार वह सिर्फ 6.7 प्रतिशत ही रहा है। लेकिन इसका एक मतलब यह भी है कि शायद सरकार ने अपने खर्चों पर भी लगाम कसी है और निजी खर्च में भी कमी आने का मतलब यह है कि महंगाई का असर बढ़ रहा है।



महंगाई बढ़ने से आम आदमी को तकलीफ होती है। लेकिन अगर यह हद से ज्यादा बढ़े, तो तकलीफ गंभीर बीमारी भी बन सकती है। पिछले हफ्ते की ही कुछ खबरों पर नजर डालें, तो यह दिख जाएगा। मोबाइल फोन की बिक्री में 30 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है। मोबाइल, फ्रिज और टीवी जैसी चीजें बनाने वाली कंपनियों ने अपने उत्पादन के लक्ष्य घटा दिए हैं। वजह है कि बार-बार दाम बढ़ने के बाद लोग इन सामान को खरीदना बंद करने लगे हैं। जब जेब में पैसे कम हों व चीजें महंगी होने लगें, तो यही होता है।

ब्याज दरों के बढ़ने के पीछे भी महंगाई का ही डर है। रिजर्व बैंक ने जिस तरह अगली पॉलिसी मीटिंग का इंतजार किए बिना रेट बढ़ाने का एलान किया, उस अंदाज से ही साफ था कि हालात चिंताजनक हैं। और अब उसकी सालाना रिपोर्ट भी आई है, जिसमें चिंता जताई गई है कि थोक महंगाई बढ़ने का असर कुछ समय बाद खुदरा बाजार की कीमतों पर भी दिखाई पड़ सकता है। इस रिपोर्ट में माना गया है कि पिछले साल मई-जून में महंगाई तेज हुई और रिजर्व बैंक की बर्दाश्त की सीमा (दो से छह फीसदी के बीच) के पार चली गई थी। और तब से कुछ उतार-चढ़ाव के बावजूद यह खतरे के निशान के ऊपर ही बनी हुई है। लेकिन यह सवाल जस का तस है कि रिजर्व बैंक ने कदम उठाने में इतना वक्त क्यों लगाया? केंद्र सरकार की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। महंगाई की रफ्तार भी सामने थी और कोरोना की मार से उबरने की कोशिश के बीच यूक्रेन पर हमले का असर भी समझना मुश्किल नहीं था। फिर भी, ये तमाम कदम आखिर पहले क्यों नहीं उठाए गए, जो अब उठाए जा रहे हैं?

इसी तरह की परिस्थिति और बिजली कोयले का संकट तमाम लोगों को यह अटकलें या आरोप लगाने का मौका भी देता है कि भारत श्रीलंका की राह पर है। खासकर यह देखते हुए कि अभी कुछ ही समय पहले तक श्रीलंका और बांग्लादेश के आर्थिक मॉडल भारत में सबक की तरह देखे जा रहे थे। तब भी, यह कहना बहुत दूर की कौड़ी है कि भारत में ऐसा कोई संकट सामने खड़ा है। इसकी सबसे बड़ी वजह है हमारा आकार। भारत की अर्थव्यवस्था श्रीलंका से 33 गुना, बांग्लादेश से करीब आठ गुना और पाकिस्तान से करीब 10 गुना बड़ी है। और उसके साथ ही निर्यात और विदेश से आने वाले पैसे के मामले में भारत की निर्भरता इन देशों के मुकाबले बेहद कम है।

लेकिन इतनी सी बात बेफिक्र होने के लिए काफी नहीं है। महंगाई अगर काबू में नहीं आई, तो वह कई तरह के गणित बिगाड़ सकती है। महंगाई सिर्फ भारत में नहीं बढ़ रही है। पश्चिमी दुनिया के जिन देशों में बरसों से महंगाई का नाम तक नहीं लिया जाता था, वहां भी हर महीने नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। अमेरिका में महंगाई की दर दो फीसदी पर रखने का लक्ष्य है, लेकिन वह आठ फीसदी से ऊपर पहुंचकर 40 साल का नया रिकॉर्ड बना रही है। भारत के लिए बड़ा संकट यह है कि वह दो तरफ से फंस गया है। कोरोना का दबाव कम होने के साथ उम्मीद थी कि इस साल भारत काफी तेजी से तरक्की करेगा। दुनिया भर की बड़ी एजेंसियां ऐसी रिपोर्ट जारी कर चुकी हैं कि भारत की जीडीपी दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ सकती है। मगर चीन में कोरोना की वापसी की आशंका और यूक्रेन पर रूस के हमले ने अचानक सारी बिसात उलटकर रख दी। महंगाई का तेज झटका तो पूरी दुनिया को लगा है, लेकिन भारत में इससे ग्रोथ पटरी पर लौटने की उम्मीदों पर पानी फिर रहा है। रेटिंग एजेंसी मूडीज ने इस साल भारत में जीडीपी बढ़ने का अनुमान 9.1 प्रतिशत से घटाकर 8.8 फीसदी कर दिया है। उसने इसकी वजह बताई है कि कच्चे तेल, खाद और खाने-पीने की चीजों में महंगाई का असर लोगों की जेब पर भी पड़ेगा और उनके खर्चों पर भी। एजेंसी का यह भी कहना है कि महंगाई काबू करने के लिए ब्याज दरें बढ़ाने से बाजार में मांग कम होने का डर है। हालांकि, उसका यह भी कहना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में महंगाई और तेजी से नहीं बढ़ती है, तो भारत की अर्थव्यवस्था रफ्तार बनाए रख सकती है। आर्थिक जानकारों की चिंता भी यही है कि ब्याज दरें बढ़ाने का फैसला कहीं उल्टा असर न कर जाए। उनका कहना है कि जिस वक्त बाजार में चीजों की मांग ज्यादा हो, तब महंगाई कम करने के लिए ब्याज दरें बढ़ाने का नुस्खा तो काम आता है, पर मांग की कमी के दौर में ब्याज दरें बढ़ाने से तो बीमारी गंभीर हो सकती है। शायद इसीलिए रिजर्व बैंक ने दरें बढ़ाने का फैसला करने में इतना वक्त लिया। पर अब आरबीआई गवर्नर कह चुके हैं कि आगे ब्याज बढ़ेगा, यह सोचना मुश्किल नहीं है। उसके साथ ही अब सरकार के लिए भी चुनौती खड़ी होगी कि वह गरीबों और मध्यवर्ग को महंगाई की मार से बचाने के लिए क्या करेगी, जिससे अर्थव्यवस्था की रफ्तार पर भी बुरा असर न पड़े।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# वैश्वीकरण की नई परिभाषा में सिर्फपैसों का बोलबाला

संदीपन देब, वरिष्ठ पत्रकार

‘वैश्वीकरण’ शब्द की उत्पत्ति भले ही पहले हो गई थी, लेकिन यह 1990 के दशक में लोकप्रिय हुआ। यह मुक्त व्यापार व्यवस्था, वैश्विक आपूर्ति शृंखला और एक-दूसरे से जुड़ी दुनिया को परिभाषित करती है। साढ़े चार दशक के शीत युद्ध के तनावों वाले दौर के बाद इसे शांतिपूर्ण धरती का निर्माण करना था। मगर यूक्रेन युद्ध ने उन भ्रांतियों को तोड़ दिया है, जो वैश्वीकरण को लेकर बनी हुई थीं। पहली भ्रांति, वैश्वीकरण के सभी नियम पश्चिम ने बनाए। जब अमेरिका और उसके मित्र राष्ट्र मामूली कारणों से इराक पर हमला करते हैं, तब बाकी देशों से उम्मीद की जाती है कि वे भी अपनी सेनाओं को तैयार रखेंगे। मगर जब रूस अपनी चिंताओं को लेकर यूक्रेन पर आक्रमण करता है, तब उसे वैश्विक बैंकिंग प्रणाली से बाहर कर दिया जाता है, उसके धन व नागरिकों की निजी संपत्तियां जब्त कर ली जाती हैं और खिलाड़ियों पर प्रतिबंध लगा दिया जाता है। इस ‘नियम-आधारित नई विश्व व्यवस्था’ के नियम आखिरकार क्या हैं? दिलचस्प है, इतना सब कुछ करने के बाद भी पश्चिमी देश रूस से तेल, गैस और कोयला खरीदना जारी रखते हैं, जबकि 80 फीसदी वैश्विक आबादी को वे रूसी उत्पादों से दूर रहने की नसीहत देते हैं।



दूसरी भ्रांति, वैश्वीकरण से सबसे अधिक फायदा उठाने वाला देश चीन है। 1980 के दशक के आखिरी वर्षों में जब देंग जियाओपिंग ने चीन के बाजार खोलने शुरू किए, तब पश्चिमी कंपनियों ने वहां उत्साहपूर्वक फैक्टरियां खोलीं और बहुमूल्य प्रौद्योगिकियां उसे मुहैया कराईं। यह कहना गलत नहीं होगा कि पश्चिम, विशेष रूप से अमेरिका ने ही चीन के उदय में मदद की। नतीजतन, चीन आज इस धरती पर उत्पादित हर वस्तु का 25 फीसदी से अधिक हिस्सा अपने यहां बनाता है। इसने श्रम-प्रधान व कम तकनीकी घटकों के साथ अपनी शुरुआत की थी, लेकिन आज अत्याधुनिक उत्पादों के निर्माण में उसकी महत्वपूर्ण हिस्सेदारी है। कोविड में उसकी आपूर्ति शृंखला क्या गड़बड़ हुई, दुनिया भर में खिलौने से लेकर ऑटोमोबाइल तक सब कुछ महंगे हो गए। उसे अपनी ताकत का भान है, और वह आक्रामक तरीके से ‘मेड इन चाइना 2025’ नीति को आगे बढ़ा रहा है, जो आयात पर उसकी निर्भरता कम करेगी। चीन सरकारी कंपनियों को राजनीतिक औजार के रूप में तैयार कर रहा है, जिसका उपयोग वह किसी दिन वाशिंगटन व पश्चिम के साथ अपने संबंधों में कर सकता है। जाहिर है, नई विश्व व्यवस्था के लिए पश्चिम ने जो भी नियम बनाए, चीन ने उसे तहस-नहस कर दिया है। तीसरी, वैश्विक जीडीपी के लिहाज से अंतरराष्ट्रीय व्यापार 2008 में अपने चरम पर था, और विश्व बैंक की मानें, तो अभी इसके शीर्ष पर पहुंचने का कोई संकेत नहीं दिखता। विश्व व्यापार संगठन ने पिछले एक दशक से अधिक समय में कोई नई वैश्विक व्यापार की पहल नहीं की। यहां तक कि ‘ट्रांस-पैसिफिक पार्टनरशिप’ या ‘यूएस-यूरोपीयन यूनियन ट्रांस-अटलांटिक ट्रेड ऐंड इन्वेस्टमेंट पार्टनरशिप’ जैसे उप-वैश्विक व्यापार समझौते भी विफल साबित हुए हैं। इन बहुपक्षीय समझौतों के बजाय द्विपक्षीय व्यापार समझौते हो रहे हैं, जैसा कि हाल में भारत और ऑस्ट्रेलिया ने किया है। चौथी, पिछले एक दशक में दुनिया के तमाम देश वैश्वीकरण की सोच को दरकिनार कर संरक्षणवादी नीतियां अपना रहे हैं। ‘ब्रेग्जिट’ और डोनाल्ड ट्रंप की ‘अमेरिका फर्स्ट’ से लेकर भारत की ‘मेक इन इंडिया’ और ‘आत्मनिर्भर भारत’ तक सभी इसी तरह के प्रयास हैं। मोदी सरकार अब अपनी विदेश नीति को ‘यथार्थवादी’ अंतरराष्ट्रीय संबंधों के तहत गढ़ रही है, जिसमें राष्ट्र पूरी तरह अपने हितों को ध्यान में रखकर काम करेगा। पांचवीं, वैश्विक मुद्रा के रूप में अमेरिकी डॉलर के कमजोर होने में कितना वक्त लगेगा? आखिरकार यूरोपीय संघ के देश भी अब रूबल में रूसी तेल, गैस और कोयला खरीद रहे हैं। 85 फीसदी खाद आयात करने वाला और काफी हद तक पोटाश के लिए रूस पर निर्भर ब्राजील कथित तौर पर चीन से खाद आयात बढ़ाने या युआन भुगतान प्रणाली को अपनाने के बारे में सोचने लगा है। और, सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान तो अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन का फोन भी नहीं उठा रहे हैं। ऐसे में, भारत के लिए संदेश यही है कि कोई भी देश आपका स्थायी मित्र नहीं है, राष्ट्रीय हित ही तमाम रूपों में मौजूद है, और विश्व ताकतवर व कमजोर देशों में बंटा हुआ है। लिहाजा, अपने देश को बचाने का सबसे अच्छा तरीका यही है कि आप अपनी अर्थव्यवस्था को तेजी से विकसित करें। यूक्रेन युद्ध के बाद वैश्वीकरण संभवत: पुराने रूप में न दिखे, लेकिनलल्ल वार्ता की किसी भी मेज पर पैसे का ही बोलबाला होगा।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

**श्रीमती अंजली जैन की कलम से...**



आत्मा का स्पर्श.
ऐसा हो, रोंगटे,
खड़ा कर दें,
अनुभूति, ऐसी हो
की भगवान के,
साक्षात दर्शन दें

-अंजली जैन
7024460938

# तुम्हारी आवाज़ का मखमल हर टीनएजर के सपनों का हिस्सा रहेगा

स्वाति शैवाल

बहुत कम कलाकार ऐसे होते हैं जो अपनी आवाज़ के साथ सीधे आत्मा तक उतरने की खूबी रखते हैं। केके उनमें से ही एक थे। उनकी आवाज़ में जो मखमली, रेशमी, मुलायम सी छुअन थी, वो आने वाले कई सालों तक इश्क के बुखार में जकड़े टीनएजर्स के मासूम लव एट फर्स्ट साइट को बरकरार रखेगी। जब जब उनके गाने सुने जाएंगे, लोगों के दिलों में केके मुस्कुराएँगे।

वो ठंड के दिन थे। नए साल की आहट धीरे-धीरे करीब आ रही थी। सुबह की हवाएं अपनी छुअन से रोमांचित करतीं और गुलाबी शामें गालों पर अबीर बिखेर देती थीं। ऐसी ही एक शाम मैं एक ऑडियो कैसेट भरवाने एक दुकान पर पहुंची। ये वो दौर था जब मनोरंजन के लिए हम टीनएजर्स के पास एक बड़ा जरिया थे ऑडियो कैसेट्स।

दरअसल, उस समय 10 या 20 रुपये में एक कैसेट आता था और उसमें हम अपनी पसन्द के गाने भरवाकर तब तक चलाते थे, जब तक कैसेट घिस न जाए। ये ओरिजनल कैसेट से थोड़ा सस्ता मामला था और सबसे बड़ी बात यह थी कि एक ही कैसेट में आप अपनी पसन्द के अलग-अलग गाने भरवा सकते थे।

गानों की मेरी फेहरिस्त में एक गाना था ‘हेलो डॉक्टर दिल की चोरी हो गई।’ साउथ की एक हिंदी रीमेक इस फिल्म को तो हमने नहीं देखा था लेकिन ब्रायन एडम्स के ‘समर ऑफ69’ की ही तरह ये गाना भी जुबान पर ऐसा चढ़ा कि क्लासेस के बीच टेबल्स को ड्रम बना हम क्लासमेट्स शुरू हो जाते।

गाने के बोल तो याद हो गए थे लेकिन तब तक इसके सिंगर कृष्ण कुमार कुन्नथ यानी केके से हमारा परिचय नहीं था। और ये परिचय हुआ ‘रॉकफोर्ड’ फिल्म के गाने ‘यारों दोस्ती, बड़ी ही हसीन है।’ और चेहरे पर कई रंग बिखेरते, रंग-बिरंगे सिल्क शर्ट्स के साथ इस एलबम में मुस्कुराते केके अपनी आवाज़ सहित दिल मे उतर गए।

उम्र के सोलहवें-सत्रहवें दौर में इस गाने को शायद ही किसी ने न गुनगुनाया होगा। इसके बाद तो मेरा पहला पहला प्यार, इश्क ने तेरे इश्क़ ने जैसे गानों के साथ केके इश्क़ करने वालों के ऑफिशियल मैस्कॉट बन गए। अपनी खूबसूरत आवाज़ के साथ ही हमेशा कायम रहने वाली मुस्कान से उन्होंने सबके दिलों में स्थाई जगह बना डाली। ये वो दौर था जब भारत में भी रॉक और पॉप को लेकर नए प्रयोग किए जा रहे थे और केके ने इसको नया अंदाज दिया। उनकी आवाज़ की सबसे बड़ी खासियत थी हाई नोट्स पर भी मुलायम बने रहने की।

**स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे**
**9827806026, 7869620239**
























# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM



# गोधन न्याय योजना के तहत क्लस्टर नोडल गौठानों की ग्रेडिंग निर्धारित प्रपत्र में जल्द करें - कलेक्टर

श्रीकंचपथ न्यूज

धमतरी। केन्द्र सरकार की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत सभी पंजीकृत किसानों का ई-केवायसी अब 30 जून तक कराया जा सकता है। कलेक्टर पी.एस.एल्मा ने आज समय सीमा की बैठक में ज़िले के किसानों का ई-केवाईसी किए जाने की प्रगति की समीक्षा की। उप संचालक कृषि मोनेश साहू ने बताया कि जिला प्रशासन के सहयोग से व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार कर किसानों को ई-केवायसी कराने हेतु लगातार प्रेरित किया जा रहा है।



उन्होंने बताया कि अब तक जिले के 83 हजार 398 किसानों का ई-केवायसी किया जा चुका है, जो कि कुल पंजीकृत किसान एक लाख 12 हजार 661 का 74 प्रतिशत है। कलेक्टर एल्मा ने शेष बचे हुए किसानों का भी ई-केवाईसी जल्द कराने के निर्देश दिए। ज्ञात हो कि आगामी 30 जून तक कॉमन सर्विस सेंटर में जाकर किसान अपना ई-केवायसी करा सकते हैं।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सुबह साढ़े 11 बजे से रखी गई समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने गोधन न्याय योजना की साप्ताहिक प्रगति के बारे में जानकारी ली। बताया गया कि ज़िले के 268 सक्रिय गौठान में 29 मई तक तीन लाख 37 हजार 591 क्विंटल गोबर की खरीदी की जा चुकी है। दो माह पहले खरीदे गए तीन लाख 20 हजार 839 क्विंटल गोबर से 64158.8 क्विंटल वर्मी खाद तैयार कर 42 हजार क्विंटल से ज्यादा वर्मी खाद बेचा जा चुका है। कलेक्टर ने सभी क्लस्टर नोडल, कृषि और संबंधित अमले को नियमित गोबर खरीदी, वर्मी उत्पादन और बिक्री सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश बैठक में दिए हैं। इसी के साथ अब ज़िले के सभी गौठानों की ग्रेडिंग वहां उपलब्ध सुविधाओं, क्षेत्र, महिला समूहों को हुए लाभ, संचालित अन्य आर्थिक गतिविधियां इत्यादि के आधार पर किया जाना है। इसके मद्देनजर सभी क्लस्टर नोडल को जल्द से जल्द निर्धारित प्रपत्र में गौठानों की ग्रेडिंग करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत और कृषि विस्तार अधिकारियों को क्लस्टर नोडल द्वारा भरे गए प्रपत्र का परीक्षण कर ज़िला कार्यालय भेजने कहा गया है।

स्वास्थ्य से जुड़ी मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना और मुख्यमंत्री हाट बाजार योजना का सही तरीके से क्रियान्वयन पर भी कलेक्टर ने आज की बैठक में ज़ोर दिया, जिससे कि शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्र के लोगों को शासन की इन महती स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ मिल सके। इसी तरह मुख्यमंत्री मितान योजना के तहत बने मितानों के भी प्रशिक्षण पर कलेक्टर ने जोर दिया, ताकि नगरीय निकाय में योजना का सफल संचालन किया जा सके। इसी तरह समय सीमा के बाहर के राजस्व प्रकरणों के निपटारे पर कलेक्टर ने सख्ती दिखाई। उन्होंने कॉमन सर्विस सेंटर के जरिए प्रदाय की जा रही लोक सेवाओं की समीक्षा की।

# हमर लैब के उद्घाटन पर मुख्यमंत्री ने समस्त चिकित्सकीय स्टॉफ को सराहा

श्रीकंचपथ न्यूज

**कोण्डागांव।** जिला चिकित्सालय कोण्डागांव में विगत 28 मई 2022 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा हमर लैब का उद्घाटन किया गया था। ज्ञात हो कि हमर लैब के अंतर्गत मरीजों का सीबीसी, एलएफ्टी, आरएफ्टी, लिपिट प्रोफाइल एलेक्टोराईट व इस प्रकार के कुल 114 टेस्ट की सुविधा उपलब्ध होगी एवं मरीजों का कल्चर यूरिन, स्टूल कल्चर, एफ्एनसी, डेंगू, चिकन गुनिया, वायरल हेपेटाईटिस टेस्ट की भी सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी।




इस दौरान जिला अस्पताल नेत्र सर्जरी वार्ड में जन्मजात मोतियाबिंद के मरीजों का ऑपरेशन किया गया था जिसमें मरीजों द्वारा आई ऑपरेशन सफ्ल होने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए माननीय मुख्यमंत्री जी को पुष्प भेंट प्रदाय किया गया। चूंकि जिला अस्पताल परिसर में स्वच्छ साफ्-सफ्ई एवं मरीजों के ईलाज एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही है। जिससे माननीय मुख्यमंत्री ने जिला अस्पताल के समस्त डॉक्टर, स्टॉफ नर्स एवं अधिकारी-कर्मचारी का मरीजों के स्वास्थ्य के प्रति कर्तव्य, मेहनत व उनके कार्यों पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए निरन्तर इसी तरह के कार्य करने की प्रेरणा दी।

जिला चिकित्सालय कोण्डागांव में हमर लैब के उद्घाटन के अवसर पर वाणिज्य कर आबकारी एवं उद्योग मंत्री कवासी लखमा, विधायक कोण्डागांव मोहन मरकाम, छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बार्ड अध्यक्ष चन्दन कश्यप, एमडी एनआरएचएम रायपुर प्रियंका शुक्ला, कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा, सीएमएचओ डॉ. टीआर कुंवर, सिविल सर्जन डॉ. संजय बसाक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सोनल ध्रुव, रेडियोलॉजिस्ट डॉ. केके सोरी, पैथोलॉजिस्ट डॉ. महेश सांडिया, शैल्य चिकित्सक डॉ. एस नागूलन, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. कल्पना मीणा, चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अमृत रोहलेडकर सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## खास खबर

### अंतर्राष्ट्रीय धुम्रपान निषेध दिवस पर कलेक्टर ने दिलाई शपथ

**धमतरी।** अंतर्राष्ट्रीय धुम्रपान निषेध दिवस पर आज कलेक्टर पी.एस.एल्मा ने समय सीमा की बैठक के बाद अधिकारियों को शपथ दिलाई। शपथ में कहा गया कि अपने जीवन में सदैव ही विविध प्रकार के नशीले पदार्थ एवं मादक द्रव्यों के मायावी सम्मोहन से मुक्त रहेंगे। इनके सेवन/उपभोग से बचकर स्वास्थ्य जीवन की ओर से कदम बढ़ाते रहेंगे। यह भी प्रतिज्ञा ली गई कि जिस प्रकार से नशामुक्त खुशहाल जीवन व्यतीत कर रहे हैं, वैसे ही अपने परिजन/मित्र, परिचित और सहकर्मियों को भी नशे के घातक प्रभाव/दुष्परिणाम की जानकारी देकर उन्हें भी नशामुक्त सुंदर जीवन व्यतीत करने अभिप्रेरित करेंगे।

### ड्यूटी के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले महिला आरक्षकों को किया गया सम्मानित

**धमतरी।** पुलिस अधीक्षक धमतरी प्रशांत ठाकुर द्वारा आज दिनांक 31-05-21को धमतरी जिले के शक्ति पुलिस टीम के महिला आरक्षकों के द्वारा समय समय पर उत्कृष्ट कार्य किए जाने पर सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी महिला आरक्षकों को पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया एवं भविष्य में भी ऐसे कार्य करते रहने प्रोत्साहित करते हुए उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दिया गया। पुलिस शक्ति टीम द्वारा से उत्कृष्ट कार्य करने वाले महिला आरक्षकों का नाम जिनको आज सम्मानित किया गया शक्ति पुलिस टीम द्वारा बिमार एवं विक्षिप्त महिला एवं सड़क दुर्घटना में घायलों लोगों कि सहायता एवं प्राथमिक उपचार कर लोगों अस्पताल पहुचाया गया एवं स्कूल कॉलेजों एवं अलग-अलग संस्थाओं में जाकर सभी महिलाओं बालिकाओं छात्राओं को जागरूक किया जा रहा है। ऐसे उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी अधिकारी/कर्मचारियों को सम्मानित किया जायेगा जिससे आम जनता के बीच में एक अच्छे पुलिस कि छवि प्रदर्शित करता हो। ताकि उन अधिकारी/कर्मचारियों का मनोबल बढ़ सके।

# भेंट-मुलाकात : मुख्यमंत्री बने बच्चों के प्यारे अभिभावक

श्रीकंचपथ न्यूज

रायपुर। प्रदेशव्यापी भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की एक अलग ही छवि नजर आ रही है। बच्चों से मिलना- प्रदेशव्यापी भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की एक अलग ही छवि नजर आ रही है। बच्चों से मिलना-जुलना और उनसे घुल-मिलकर बातें करना न सिर्फ बच्चों को अच्छा लग रहा है बल्कि लोगों को भी यह बात खूब पसंद आ रही है। बच्चे भी मुख्यमंत्री से अपनेपन और लगाव के चलते उनमें एक अभिभावक की छवि देख रहे हैं।



मुख्यमंत्री का बच्चों से लगाव का एक और वाक्या भी सामने आया जब उन्होंने हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी की बोर्ड परीक्षाओं में प्रदेश के टॉप टेन बच्चों के साथ जिलों में पहले स्थान पर आने वाले बच्चों को हैलीकॉप्टर से सैर कराने का वायदा किया। लगभग 16 विधानसभा क्षेत्रों के दौरे में मुख्यमंत्री ने बच्चों से अनोखे अंदाज में मुलाकात की। कभी रस्सी कूदकर तो कभी निशाना साधकर और कभी गिल्ली-डंडा और भौरा खेलकर बच्चों में रम गए।

भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में बच्चों की मासूमियत भरी बातों से न सिर्फ मुख्यमंत्री का दिल जीत रहे हैं वहीं मुख्यमंत्री भी बच्चों के पूछे गये सवालों का रोचक अंदाज में जवाब भी दे रहे हैं। वे बालहठ के सामने कई बार झुकते भी नजर आए। जब उनसे बच्चों ने हैलीकॉप्टर में घूमने की जिद की। तब बच्चों को मना नहीं कर सकें और बच्चों को हैलीकॉप्टर में सैर करायी।

बच्चों ने भी उन्हें तैयार किए गए स्कैच और पेंटिंग भेंट किया। कोंडागांव जिले के बड़े डोंगर में आयुष जायसवाल ने पेंसिल से मुख्यमंत्री का स्केच बनाया और उन्हें भेंट किया। 12वीं के छात्र आयुष ने मुख्यमंत्री से कहा कि स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के जरिए हजारों छात्रों का जीवन संवार रहे हैं और आप हम सब बच्चों के सच्चे अभिभावक हैं। जगदलपुर के भैंसगांव में तो स्कूली छात्राओं ने मुख्यमंत्री और उनकी माताश्री की पेंटिंग भेंट की जिससे मुख्यमंत्री भी भावुक हो गए थे।

मुख्यमंत्री जहां भी गए वहां छात्र अपने प्रिय मुख्यमंत्री से मिलने के लिए पहले से ही मौजूद रहे। फिर चाहे बात स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल की हो, प्राइमरी के बच्चों की हो या फिर कालेज में पढ़ने वाले छात्रों की हो, हर कोई उन्हें अपना अभिभावक मानने लगे हैं। बस्तर के बादल एकेडमी के छात्र हों, इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के छात्र हों या फिर किसी भी स्कूल के छात्र हों मुख्यमंत्री उनसे मिलते जरूर हैं। मुख्यमंत्री की पारखी नजर ऐसी है कि भीड़ में रोती हुयी बच्ची को भी देख लेते हैं और उसे चुप कराकर उसकी समस्याओं का समाधान और उसकी पढ़ाई की व्यवस्था भी कर देते हैं।

ऐसा नहीं है कि मुख्यमंत्री सिर्फ घोषणाएं करते चले जा रहे हैं, बल्कि घोषणाओं पर फौरीतौर पर अमल भी हो रहा है। भेंट मुलाकात कार्यक्रम में मुख्यमंत्री आमजनों से मिलने निकले हैं, लेकिन जिस तरह से इन कार्यक्रमों में उन्हें बच्चों का प्यार मिल रहा है और जिस तरह बच्चे आत्मविश्वास के साथ मुख्यमंत्री के सामने अपनी बात रख रहे हैं, उसे देखकर यही लग रहा है कि नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने की दिशा में हो रही पहल रंग ला रही है।

# सार्थक संवाद व समग्र चिंता के लिए हम सबको जुटना होगा : संगम लाल गुप्ता

श्रीकंचपथ न्यूज

**रायपुर।** सासंद व ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री संगम लाल गुप्ता ने भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में ओबीसी मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष व जिला प्रभारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री अपने कथित छत्तीगढिया वाद के चेहरे को सबके सामने पेश कर छत्तीसगढ़ की जनता को छल रहे हैं जिसे उजाकर करने की जरूरत है।

जब राज्यसभा का चुनाव होने की बात आती है तब बाहरी प्रत्याशियों को कांग्रेस अपना उम्मीददार बनाती है लेकिन एक समय राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस ने लेखराम साहू को प्रत्याशी बना था तब कांग्रेस की जीत की संभावनाएं शून्य थी और अब जब पिछड़े समाज से किसी को राज्यसभा प्रत्याशी बनाने की बात आई तो प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मौन रहते है। उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग मोर्चा 70 प्रतिशत पिछड़ा समाज के सदस्यों को प्रत्याशी बनाकर पिछड़ों की हितैषी होने का प्रमाण दिया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की 8 साल सफ्लताओं को व प्रदेश की कांग्रेस सरकार की साढत्रे तीन असफ्लताओं को मोर्चा के बीच ले जाने की आवश्यकता है। बैठक में ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सोनी ने कहा कि प्रदेश की सभ जिलों मे पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने 27 प्रतिशत आरक्षण को लेकर प्रदर्शन किया जिसे व्यापक जनसमर्थन मिला। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 8 वर्ष केन्द्र सरकार के पूर्ण होने पर 15 दिनों की कार्य योजना बनाई गई है।

# गर्मियों में होने वाली गंभीर बीमारी है पीलिया, खराब पानी और दूषित भोजन से बचें

श्रीकंचपथ न्यूज

**रायपुर।** पीलिया गर्मियों में होने वाली एक गंभीर बीमारी है। पीलिया होने पर आंखों व नाखून का रंग पीला होने लगता है। यदि शरीर में थकान महसूस होने के साथ पाचन तंत्र खराब रहने लगता है, तो सतर्क होने की आवश्यकता है। आंखें व त्वचा तभी पीली होती है, जब शरीर में बिलुरुबिन (पीला पदार्थ) की मात्रा बढ़ जाती है। बिलुरुबिन लिवर में जाता तो है, लेकिन मात्रा अधिक होने से न तो पच पाता है और न ही सही मात्रा में शरीर से निकल पाता है। इससे लिवर की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचने के साथ इस अंग के पाइप, बाइल डक्ट आदि में भी संक्रमण हो जाता है। लाल रुधिर कणिकाओं (आरबीसी) के टूटने से भी बिलुरुबिन लेवल बढ़ता है।

राज्य हेपेटाइटिस (पीलिया) नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. धर्मेन्द्र गहवई ने बताया कि शरीर में आँखों व नाखून का पीला होना, पेशाब का पीला होना, बुखार आना, उल्टी आना, पेट में दर्द व चक्कर आना पीलिया के प्रमुख लक्षण हैं। पीलिया का प्रमुख कारण खराब पानी का सेवन, दूषित भोजन करना, ज्यादा मसालेदार और नमक का सेवन करना, लिवर में घाव होना, मलेरिया से पीड़ित होना और थैलीसीमिया (शरीर में खून बनने की रफ्तार का धीमा होना) है। अधिक शराब पीने वालों को पीलिया का खतरा अधिक होता है। यह बीमारी किसी को भी हो सकती है। पीलिया होने पर व्यक्ति को खानपान का विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता होती है। इससे लिवर सबसे ज्यादा प्रभावित होता है। पीलिया के लक्षण दिखाई देने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाएं या एएनएम या मितानिन से संपर्क करें।

**पीलिया से बचाव :** डॉ. गहवई ने बताया कि पीलिया से बचने के लिए साफ पानी ही पीना चाहिए। साफ पानी पीने से पीलिया का खतरा काफी कम हो जाता है। पीलिया के मरीजों को उबले हुए पानी का सेवन करना चाहिए।

पीलिया होने पर संतुलित व हाइजेनिक भोजन करना चाहिए। स्ट्रीट फूड से परहेज करना चाहिए। यह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है। पीलिया से पीड़ित मरीज़ को नियमित रूप से हल्की एक्सरसाइज करना चाहिए। इसके रोगी को शराब का सेवन बिलकुल नहीं करना चाहिए।

# स्काउट गाइड रोवर रेंजर ने किया प्याऊ घर सेवा का संचालन, राहगीरों एवं जनसामान्य को शीतल जल से मिलेगी राहत

श्रीकंचपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** स्काउट गाइड रोवर-रेंजर द्वारा ग्रीष्मकालीन सेवा कार्य के तहत प्याऊ घर सेवा का संचालन दल एवं शाला स्तर पर किया जा रहा हैं। जिसमें टोली वार सेवाएं दी जा रही हैं। भीषण गर्मी में राहगीरों एवं जनसामान्य को राहत पहुंचाने के लिए जनसमान्य को शीतल जल उपलब्ध कराने के लिए स्काउट गाइड रोवर-रेंजर द्वारा यह कार्य सेवा भावना के साथ की जा रही है। मानवता की भावना को जागृत करते हुए प्याऊ घर सेवा का संचालन किया जा रहा है।




भारत स्काउट्स एव गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय रायपुर के विनोद सेवन लाल चन्द्राकर संसदीय सचिव विधायक एवं राज्य मुख्य आयुक्त के के सोनी राज्य सचिव के निर्देशानुसार अब्दुल रफीक खान जिला मुख्य आयुक्त, आरएल ठाकुर जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट के दिशा निर्देश पर सहायक संचालक आदित्य खरे, जिला आयुक्त गाइड सुनीता चौधरी, सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी नोडल स्काउट गाइड उषा चटर्जी, जिला सचिव देवेन्द्र अम्बादे, जिला सह सचिव विजय टेमबुरकर, जिला संगठन आयुक्त स्काउट मयूख वास्तव, जिला संगठन आयुक्त गाइड जयंत्री टेकाम, जिला प्रशिक्षण आयुक्त विनोद हथेल के मार्गदर्शन में कार्य किया गया। विकासखंड राजनांदगांव, डोंगरगढ़, डोंगरगांव, अम्बागढ़ चौकी, मोहला के स्काउट गाइड रोवर-रेंजर द्वारा ग्रीष्मकालीन सेवा कार्य के तहत प्याऊ घर सेवा का संचालन दल एवं शाला स्तर पर किया जा रहा हैं। शासकीय हाई स्कूल मासुल के स्काउट गाइड प्रभारी संतराम साहू, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भेड़िकला के जिनेन्द्र गौतम, शासकीय उच्चतरम माध्यमिक शाला रानीतराई के धर्मेन्द्र रजक, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बीजेभाठा भोजराज देवांगन, संत कबीर शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला धौराभाठा के तिलेश्वर बघेल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मुसरा के मुन्ना लाल साहू, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला अम्बागढ़ चौकी के विनोद हथेल, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक शाला अम्बागढ़ चौकी विजय टेम्भूरकर, विकासखण्ड सचिव विरेन्द्र पॉल लडेश्वर के नेतृत्व में किया जा रहा हैं। प्राचार्य शासकीय उच्चतरम माध्यमिक शाला भेड़िकला एफ्आर वर्मा का विशेष सहयोग रहा।

# पीएम केयर्स फार चिल्ड्रन योजना के तहत 5 बालक हुए लाभान्वित

श्रीकंचपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** कोविड-19 संक्रमण से माता-पिता दोनों को खोने वाले बालकों के लिए पीएम केयर्स फार चिल्ड्रन योजना के तहत को विडियो कॉफ्रेसिंग के माध्यम से ऑनलाईन मोड पर कार्यक्रम आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा प्रदाय की जाने वाली वार्षिक छात्रवृत्ति की राशि 20 हजार रूपए बालकों के खाते में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा डिजिटल रूप से हस्तांतरित किया गया। पीएम केयर्स फार चिल्ड्रन योजना के तहत जिले के कुल 5 बालक लाभान्वित हुए। प्रधानमंत्री ने बालकों को सामर्थ्यवान बनने की शुभकामनाए दी। कार्यक्रम के दौरान कोरोना पर आधारित लघुफिल्म दिखाई गई। योजना के तहत जिले के पांच बालकों को योजना का लाभ दिया गया। बालकों तथा कलेक्टर के नाम से खोले गये संयुक्त पोस्ट आफिस खाते में जारी राशि की पासबुक एवं 5 लाख रूपए तक वार्षिक उपचार हेतु प्रधानमंत्री जन औषधि योजना हेल्थ कार्ड, कलेक्टर के हस्ताक्षर से स्नेह प्रमाण पत्र व प्रधानमंत्री का बच्चों के नाम पत्र तथा टी शर्ट बालकों को प्रदाय किया गया। कार्यक्रम हेतु विशेष रूप से उपस्थित अध्यक्ष राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग रायपुर तेजकुंवर नेताम , कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा द्वारा ऑनलाईन के कार्यक्रम के दौरान 18 वर्ष से अधिक आयु के 1 बालक को किट दिया गया तथा पात्र 18 वर्ष से कम उम्र के 4 बालकों को प्रधानमंत्री द्वारा प्रदत्त किट का वितरण किया गया।

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65


Premier sales
8959493000
Arhum Electronics
9926100315
A Leela Electronics
9425507772
Reena Electronics
9329132299
Shree Electronics
7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics
9827183839
Rohit Electronics
94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर

### दाई दीदी क्लीनिकों में एक लाख से ज्यादा महिलाओं का किया गया इलाज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा मुख्यमंत्री दाई दीदी क्लीनिक योजना के तहत अब तक एक लाख से अधिक महिलाओं का इलाज किया गया है। दाई दीदी मोबाईल क्लीनिक में महिला स्टाफके साथ एम. एम. यू के डॉक्टर गरीब तंग बस्तियों में पहुंचकर नगरीय स्लम इलाके में रहने वाली गरीब एवं अन्य बीमार महिलाओं एंव बच्चियों का भी निःशुल्क इलाज कर रहे हैं। मरीजों की पैथोलॉजी संबंधित विभिन्न जांच निःशुल्क की जाती है। मरीजों को परामर्श एवं निःशुल्क दवा उपलब्ध करायी जा रही है। दाई दीदी क्लीनिक योजना के तहत विभिन्न स्लम बस्तियों में 1333 शिविर लगाये गये जिसमें एक लाख से अधिक महिलाओं मरीजों का इलाज किया गया है। दाई दीदी क्लीनिकों में 17 हजार 986 महिलाओं के विभिन्न पैथोलॉजी लेब टेस्ट किया गया और 95 हजार 47 महिलाओं को निःशुल्क दवा वितरण की गई है।

### विश्व बाल सुरक्षा दिवसः बच्चों के लिए अधिक जागरूक और संवेदनशील होने की जरूरतः श्रीमती भेंड़िया

**रायपुर।** महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेंड़िया ने एक जून को विश्व बाल सुरक्षा दिवस के अवसर पर बच्चों के स्वस्थ और सुखी जीवन की कामना करते हुए कहा है कि बच्चों से संबंधित बढ़ते हिंसा और आपराधिक मामलों को देखते हुए हमें उनके प्रति और अधिक जागरूक और संवेदनशील होने की जरूरत है। वर्तमान समय में हम सबकी जिम्मेदारी है कि बच्चों से संबंधित किसी भी तरह के शोषण को रोकने के लिए मामलों को सामने लाएं। हमें बच्चों के मानसिक और मनोवैज्ञानिक पहलुओं को जानने और समझने की भी जरूरत है। आज हमारी सतर्कता और व्यवहार ही भावी पीढ़ी का भविष्य है।

### मनरेगा लोकपाल अपीलीय प्राधिकरण के सदस्यों के प्रति सीटिंग मानदेय में एक हजार रूपए की वृद्धि, अब मिलेंगे 2500 रूपए

**रायपुर।** मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) के अंतर्गत शिकायतों की स्वतंत्र व निष्पक्ष जांच एवं सुनवाई के लिए नियुक्त लोकपाल द्वारा पारित अवार्ड (अधिनिर्णय) से व्यथित पक्षों के लिए अपीलीय व्यवस्था के अंतर्गत त्रि-सदस्यीय लोकपाल अपीलीय प्राधिकरण का गठन किया गया है। प्राधिकरण के सदस्यों के मानदेय में प्रति सीटिंग एक हजार रूपए की बढ़ोतरी की गई है। अब उन्हें हर सीटिंग के लिए 2500 रूपए का मानदेय मिलेगा, जिसकी अधिकतम सीमा 50 हजार रूपए प्रति माह निर्धारित की गई है। अपीलीय प्राधिकरण के सदस्यों को अब तक प्रति सीटिंग 1500 रूपए की दर से मानदेय प्राप्त हो रहा था। भारत सरकार, ग्रामीण विकास मंत्रालय, नई दिल्ली के महात्मा गांधी नरेगा डिविजन द्वारा जारी संशोधित दिशा-निर्देश के अनुसार प्राधिकरण के सदस्यों का बढ़ा हुआ मानदेय 1 जून 2022 से प्रभावशील होगा।

### खरीफसीजन की शुरुआत में ही रासायनिक उर्वरक के संकट की आहट

**रायपुर (ए)।** मानसून के समय पर पहुंचने की खबर के साथ ही छत्तीसगढ़ में खेती के काम में तेजी आ गई है। इसके साथ ही रासायनिक उर्वरक नहीं मिलने की भी शिकायतें आने लगी हैं। वजह यह है कि राज्य में यूरिया की उपलब्धता लक्ष्य के विरुद्ध 62 प्रतिशत है। राज्य में नाइट्रोजन-फास्फोरस-पोटेशियम (एनपीके) 30 प्रतिशत, डाई अमोनियम फास्फेट (डीएपी) 39 और पोटाश की उपलब्धता 35 प्रतिशत है। केंद्र से उर्वरक की पर्याप्त आपूर्ति नहीं होने के आरोप के साथ इसे लेकर राजनीति गरमाने लगी है। इस बीच कृषि विभाग के अफसरों का कहना है कि राज्य में रासायनिक उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का प्रयास किया जा रहा है। विभाग ने किसानों से जरूरत अनुसार सहकारी समितियों से उर्वरकों का उठाव करने की अपील की है।

कांग्रेस प्रवक्ता आरपी सिंह ने कहा कि खरीफ 2022 के लिए कुल 13.70 लाख टन उर्वरक देने की सहमति केंद्र सरकार ने दी है। इसमें से यूरिया 6.50 लाख टन, डीएपी तीन लाख टन, पोटाश 80 हजार टन, एनपीके 1.10 लाख टन व सुपरफास्फेट 2.30 लाख टन शामिल है। माह अप्रैल और मई में राज्य को यूरिया की कुल आपूर्ति 3.29 लाख टन होनी थी, लेकिन केवल 2.20 लाख टन ही मिला है। केंद्र से समय पर उर्वरक न मिलने पर इनकी कमी हो सकती है।

### रायपुर विकास योजना 2031: जनसुविधाओं की बेहतर व्यवस्था पर जोर

# आवास एवं पर्यावरण मंत्री अकबर की अध्यक्षता में कार्यशाला सम्पन्न

**बढ़ती आबादी को ध्यान में रखते हुए शहर में पेयजल, बिजली, सड़क तथा पार्किंग आदि जनसुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था के लिए दिए गए महत्वपूर्ण सुझाव**

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर। आवास एवं पर्यावरण मंत्री मोहम्मद अकबर की अध्यक्षता में राजधानी के न्यू सर्किट हाऊस के कन्वेशन हॉल में आयोजित कार्यशाला में रायपुर विकास योजना 2031 के संबंध में विस्तार से चर्चा हुई। गौरतलब है कि नगर तथा ग्राम निवेश विभाग द्वारा रायपुर विकास योजना (पुर्नविलोकित) 2031 का प्रारूप तैयार किया जा रहा है।**

कार्यशाला में चर्चा करते हुए रायपुर विकास योजना पुनर्विलोकन (प्रारूप) 2031 तैयार करने के लिए जनसुविधाओं की बेहतर से बेहतर व्यवस्था हेतु विशेष जोर दिया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों और विभिन्न संगठनों से महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए गए। इस अवसर पर संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, विधायक सत्यनारायण शर्मा, रायपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष सुभाष धुप्पड़, विधायक धनेन्द्र साहू, महापौर नगर पालिक निगम बिरगांव नंदलाल देवांगन, संचालक नगर तथा ग्राम निवेश जेपी मौर्य और विभिन्न संगठनों से प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

आवास एवं पर्यावरण मंत्री अकबर ने चर्चा करते हुए कहा कि रायपुर शहर की बढ़ती हुई आबादी एवं राजधानी के स्वरूप को विकसित किये जाने हेतु तैयार की जाने वाली विकास योजना में जन-भागीदारी की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए जनप्रतिनिधियों एवं शहर के विभिन्न संगठनों से सुझाव लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सामुदायिक एवं हितधारकों की भागीदारी विकास योजना तैयार करने के लिए एक आवश्यक प्रक्रिया है। इसमें अधिकारियों, हितग्राहियों, टाऊन प्लानर्स, आर्किटेक्ट्स तथा इंजीनियर्स आदि ने अपने कार्य के अनुभवनों को साझा किया। वह राजधानी रायपुर शहर के भावी विकास योजना को सुसज्जित और सुव्यवस्थित बनाने में काफी मददगार होगा।

आवास एवं पर्यावरण मंत्री अकबर ने ने बताया कि रायपुर शहर में बढ़ती आबादी और विकास की संभावनाओं के कारण, हम नियोजन के उद्देश्य से 2031 में 30 लाख आबादी को ध्यान में रखकर विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रायपुर विकास योजना पुनर्विलोकन (प्रारूप) 2031 का उद्देश्य निवेश क्षेत्र में हरित क्षेत्र उपलब्ध कराना और उनमें सुधार करना है। इसी तरह प्राकृतिक संसाधनों और जल स्त्रोतों का संरक्षण, पर्यावरण में सुधार, विकेन्द्रीयकृत दृष्टिकोण तथा क्षेत्रीय यातायात का पृथक्करण पर जोर दिया जा रहा है। इसके अलावा स्थानीय वाहनों की निर्बाध्य आवाजाही हेतु आंतरिक मार्गों में सुधार तथा भविष्य में होने वाला संभावित बदलाव-भूमि उपयोग के पैटर्न में बदलाव को शामिल किया गया है।

कार्यशाला को संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, विधायक सत्यनारायण शर्मा, रायपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष सुभाष धुप्पड़, विधायक धनेन्द्र साहू तथा चेम्बर ऑफ कॉमर्स, आर्किटेक्टस, इंजीनियर्स आदि संघ तथा विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उनके द्वारा बढ़ती आबादी को ध्यान में रखते हुए शहर में पेयजल, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, पार्किंग आदि जनसुविधाओं की बेहतर से बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

## गौठानों का इको सिस्टम देखकर जीका समूह के जापानी अधिकारी हुए प्रभावित



**रायपुर।** जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी ( जीका ) के अधिकारयों का दल दुर्ग जिले के अधिकारयों के साथ धमधा विकासखंड के संडी गौठान पंहुचा। जहां उन्होंने गौठान में संचालित होने वाली आजीविका मूलक गतिविधियों का निरीक्षण किया। गायों के संरक्षण और उनके द्वारा दिए गए उत्पाद से कैसे एक इकोसिस्टम का निर्माण किया जा सकता है यह देख कर जापान का दल प्रभावित था। उनके द्वारा गौठान में वर्मी कपोस्ट खाद का उत्पादन ,हैचरी , ब्रूडिंग हाउस, पोल्ट्री रैरिंग, बटेर पालन, सामुदायिक बाड़ी और स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यों का अवलोकन किया गया।

उन्होंने उपस्थित अधिकारियों के माध्यम से सभी कार्य में सलंग्न स्वसहायता समूह की महिलाओ से चर्चा भी की। कैसे एक गौठान पशुओं से लेकर मानव के लिए हितकर हो सकता है उन्होंने इस कांसेप्ट को समझा और उसकी सराहना की । उनका कहना था कि ऐसा कांसेप्ट उन्होंने पहली बार देखा है , जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होती हो। स्व- सहायता समूह के महिलाओं की हो रही आमदनी से अवगत होकर उन्होंने अपनी प्रसन्नता जाहिर की और महिला सशक्तिकरण की ओर इसे एक सार्थक पहल भी कहा। इसके पश्चात् दल गिरहोला में कृषक मयंक चौहान के खेत पहुंचे जहां उन्होंने प्लग टाइप वेजिटेबल सीडलिंग एवं ड्रैगन फ्रूट की खेती देखी और खेती के इस एडवांस स्तर को देखकर वो प्रभावित हुए। भ्रमण दल में जीका हेडक्वार्टर टोक्यो से कोइडे सोटा डिप्टी डायरेक्टर जीका , मिस एच शशाकि कंट्री ऑफिसर एवं काओरी फ्रूयामा प्रतिनिधि जीका इंडिया, अनुराग सिन्हा प्रिंसिपल डेवलपमेंट स्पेशलिस्ट एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

### अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस

# छत्तीसगढ़ को नशामुक्त बनाने ली गई शपथ

**नशामुक्ति के प्रति जन-जागरूकता के लिए हुए कई कार्यक्रम**

**भारत माता वाहिनी ने नशामुक्ति के दुष्परिणामों के प्रति किया सचेत**

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** प्रदेश में हर साल की तरह 31 मई को अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस मनाया गया। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग द्वारा धूम्रपान से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति समाज में जन चेतना विकसित करने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। लोगों ने नशा न करने और छत्तीसगढ़ को नशामुक्त बनाने की शपथ ली। गांव-गांव में भारत माता वाहिनी के माध्यम से नशामुक्ति के दुष्परिणामों के प्रति सचेत किया गया। लोगों को नशा छोड़ने और स्वस्थ जीवन शैली के लिए योग को अपनाने की सलाह दी गई।

अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस पर धूम्रपान की रोकथाम के संबंध में प्रचार और जन जागृति के प्रयास भी व्यापक स्तर पर किए गए। लोगों को बताया कि तम्बाखू या तम्बाखू से निर्मित उत्पादों के सेवन से गंभीर व्याधियां होती हैं। जन समुदाय को तम्बाखू के सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे जानकारी देने के साथ नशा मुक्ति पर आधारित साहित्य का वितरण भी किया गया। रैली और जागरूकता रथ के माध्यम से लोगों को नशापान छोड़ने के लिए प्रेरित किया गया। धूम्रपान और तम्बाखू सेवन करने की प्रवृत्ति पर भावी नियंत्रण के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं और कार्यक्रम आयोजित किए गए। नाटक, गीत, परिचर्चा, सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। योगाचार्यों द्वारा योगाभ्यास प्रदर्शन के साथ योगाभ्यास के माध्यम से नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया गया। जिसमें जन सामान्य, स्वैच्छिक संस्थाओं ने उत्साह से भाग लिया।

### कैवल्यधाम जैन तीर्थ के संस्कार शिविर में बच्चियों ने सीखा

## ऐसी बातें कहें जिसे श्रोता पसंद करें, किसी का दिल न दुखाएं

**रायपुर (ए)।** कैवल्यधाम जैन तीर्थ में जैन संस्कार बालिका शिविर में बालिकाओं को जीवन संस्कार के गुर सिखाए जा रहे हैं। सुबह बालिकाएं नवाणु यात्रा में कैवल्यधाम तीर्थ के मंदिरों में विधिवत वंदना की। इसके बाद पूजा-पाठ संपन्न कर गुरु भगवंतों के प्रवचन का लाभ लिया।

शिविर में प्रशिक्षक राजेश सांखला ने इफेक्टिव पब्लिक स्पिकिंग पर जानकारी दी। उन्होंने बालिकाओं से कहा कि आप जिस विषय पर, जिस जगह और जिन लोगों के सामने स्पीच देने वाले हैं, उनके अनुसार अपनी तैयारी करें। इसके लिए लगातार अभ्यास करते रहें। हमेशा ऐसी बातें करें, जिससे श्रोता आपसे जुड़े रहें। बात करते समय लोगों से आई कनेक्ट बनाकर रखें। आप जिस विषय पर अपनी बात कह रहे हैं, उसके प्रति सकारात्मक रहें। खुद में आत्मविश्वास और उत्साह रखें। भाषण के लिए जितना समय दिया गया है, उतने में ही अपनी बात पूरी करने की कोशिश करें। प्रशिक्षण के दौरान मंच पर चढ़ने, बोलने के डर को दूर करने के लिए सभी को एक एक करके मंच पर बोलने को कहा गया। बालिकाओं ने मंच पर अपनी बात रखी। शिविर के संयोजक पंकज चोपड़ा ने बताया कि शिविर में धर्म, संस्कार, जीने की कला के साथ व्यवहारिक शिक्षा दी जा रही है।

# छायाचित्र प्रदर्शनी ज्ञानवर्धक और जानकारियों से है भरपूर

**बालोद जिले के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने प्रदर्शनी देखने के बाद कहा**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजीव गांधी किसान न्याय योजना में धान के साथ-साथ खरीफ की सभी फसलों, उद्यानिकी फसलों और वृक्षारोपण के लिए भी इनपुट सब्सिडी राज्य शासन द्वारा दी जा रही है। राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना में भूमिहीन मजदूरों को दी जा रही सालाना 6 हजार रूपए की राशि अब बढ़ाकर 7 हजार रूपए सालाना कर दी गई है। सरकार द्वारा आदिवासी कृषकों को खेती के लिए निःशुल्क बिजली दी जा रही है। ऐसी ही ज्ञानवर्धक और उपयोगी जानकारियां रायपुर के साइंस कॉलेज परिसर स्थित डीडीयू आडिटोरियम में लगाई गई विकासपरक राज्यस्तरीय छायाचित्र प्रदर्शनी से मिल रही है। यह कहना है बालोद जिले के पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों का। बालोद जिले के पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने आज विकास प्रदर्शनी का अवलोकन करने के बाद इस आशय के विचार प्रकट किए।

जिला पंचायत बालोद और जनपद पंचायत गुरुर, गुण्डरदेही, बालोद तथा डोंडीलोहारा अंतर्गत विभिन्न ग्राम के पंचायत प्रतिनिधियों ने प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ सरकार की जनहितैषी योजनाओं एवं कार्यक्रमों से लोगों के जीवन में आए बदलाव और विकास कार्यों की उपलब्धियों का अवलोकन किया।



प्रदर्शनी का अवलोकन करने के बाद बालोद जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों ने कहा कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत केवल धान ही नही अपितु मक्का, कोदो, कुटकी, सोयाबीन, अरहर तथा गन्ना की खेती करने वाले किसानों को प्रति एकड़ 9 हजार रूपए अनुदान के रूप में दिया जा रहा है। यदि किसान धान के बदले अन्य फसल लेते हैं तो उन्हें 10 हजार रूपए प्रति एकड़ इनपुट सब्सिडी मिलेगी। इससे किसान धान के अलावा अन्य फसल उत्पादन के लिए प्रेरित होंगे। सरकार द्वारा अनुसूचित जनजाति वर्ग के किसानों को सिंचाई हेतु निःशुल्क बिजली के साथ सिंचाई जल कर और सहकारी तथा व्यावसायिक बैंकों से कृषि के लिए कर्ज को माफ़ किया गया है। इससे किसानों की आर्थिक स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है।

छत्तीसगढ़ की सरकार महिलाओं की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है। गौठानो में विभिन्न रोजगारमूलक कार्य महिलाओं द्वारा किए जा रहे है। गोबर खरीदी से पशुपालकों को लाभ मिला है। ग्रामीणों ने सुराजी गांव योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना की सराहना की। सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से भूमिहीन मजदूर, महिला और युवा लाभान्वित हो रहे हैं। इसके अलावा सुराजी गांव योजना और गोधन न्याय योजना से लोगों को रोजगार मिल रहा है।

इसी तरह ग्राम पंचायत कलंगपुर, खप्परवाड़ा, घोरगांव आदि पंचायतों से आए जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने बताया कि सरकार द्वारा पहुंच विहीन ग्रामों को बारहमासी सड़क से जोड़ा जा रहा है। मुख्यमंत्री ग्राम गौरवपथ योजना के माध्यम से सीसी सड़को का निर्माण किया जा रहा है। सरकार द्वारा लगातार नागरिक सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

• जीन्स
• टी-शर्ट
• शर्ट
• ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

मोमोस नास्ता सेंटर...
थापा शुद्ध मोमोस सेंटर
फुल हाफ
वेज मोमोस 40/- 20/-
मनचुरियन मोमोस 50/- 30/-
पनीर मोमोस 60/- 30/-
मोमोस-10, 20 और 30 रु. का भी मिलता है। शुद्ध बिना ऑयल का बना
मो.-9977690915, 7898349602
सर्कुलर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंक रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोनः 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

# पार्टनर से करने जा रहे हैं शादी तो ये 10 बातें जरूर जाने

शादी एक ऐसा बंधन है जिसमें 7 फेरों से दो लोग जीवन भर के लिए एक दुसरे के सुख-दुख के साथी बन जाते हैं। इसलिए जीवन साथी चुनने मे जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। ऐसे जीवन साथी की खोज करनी चाहिए जो कि आपको समझ सके और जिसपर आप आंख बंद करके विश्वास कर सकें। विश्वास से रिश्ते मजबूत होते हैं और अगर आपके रिश्ते मे विश्वास की कमी है तो इसमें खटास आना स्वभाविक है।



जानें शादी करने से पहले ये 10 बातें

### झूठ बोलने की आदत

अगर आप शादी करने से पहले किसी को डेट कर रहे हैं तो इस बात का जरूर ध्यान रखें कि वो आपसे झूठ न बोले। जितनी भी बातचीत हो, उसमें कोई भी एक दूसरे से झूठ न बोले और सही जानकारी दे।

### शादी की हड़बडी से सतर्क रहें

शादी एक ऐसा फैसला है जिसे सोच विचार कर ही लेना चाहिए। इसके लिए पार्टनर को आपस में बैठकर अच्छे से बातचीत करनी चाहिए ताकि शादी में किसी प्रकार की दिक्कत न हो।

### जो आपके होटों पर मुस्कुराहट ला सके

किसी भी रिलेशनशिप में यह बहुत महत्वपूर्ण होता है कि दोनों साथ में कितने खुश हैं। दोनों का खुश रहना काफी जरूरी है। ऐसे में आपका पार्टनर ऐसा होना चाहिए जो आपके बिगड़े मूड को भी खुश कर सके। आप जब भी उदास हों तो वो आपके होठों पर मुस्कुराहट ला सके।

### अपने विपरीत नेचर वाले को चुनें

जिससे आप शादी करने की सोच रहे हैं तो उसका नेचर भी काफी मायने रखता है। माना जाता है कि अगर दोनों का नेचर एक ही जैसा हुआ तो रिश्तों में बोरियत आ सकती है। ऐसे में विपरीत नेचर वाले पार्टनर को ही चुनें। कहते भी हैं कि अपोजिट अट्रैक्ट्स।

### एक दूसरे को सम्मान दें

किसी भी रिश्ते में एक दूसरे को सम्मान देना सबसे जरूरी है। अगर एक दूसरे के प्रति सम्मान नहीं है तो फिर रिश्ते ज्यादा दिन नहीं चल पाएंगे।

### लॉन्ग ड्राइव पर जाएं

शायद ही ऐसा कोई हो जिसे लॉन्ग ड्राइव पर जाना पसंद न हो। ऐसे में आप अपने पार्टनर से लॉन्ग ड्राइव पर साथ चलने को जरूर कहें। कम से कम इतनी देर की लॉन्ग ड्राइव तो जरूर हो जिसमें एक दूसरे से बातचीत हो सके और एक-दूसरे को जान सकें।

### आपको कंफर्टेबल फील कराए

जब आप अपने पार्टनर से मुलाकात कर रहे हों तो यह जरूरी है कि वह ऐसा कुछ भी न करे जो आपको पसंद न आए। आपको स्पेस दे और कंफर्ट फील कराए, किसी भी अच्छे रिश्ते के लिए यह बहुत जरूरी है।

### फैमिली के बारे मे जानना चाहे

हर बेहतर रिश्तों के पीछे एक अच्छा परिवार भी शामिल होता है। इसलिए जब भी आप अपने पार्टनर से मुलाकात करें तो फिर उसकी फैमिली के बारे में जरूर जानिए और उसी तरह उसे भी अपने परिवार के बारे में सब कुछ बताएं।

### केयर करें

अपने पार्टनर की केयरिंग हर रिश्ते में सबसे ज्यादा जरूरी है। और यह उस समय और बढ़ जाता है जब आप अपने पार्टनर से शादी करने की सोच रहे हों। अगर आपका पार्टनर केयरिंग नहीं है तो फिर रिश्तों में बहुत जल्द दरार आ सकती है।

### धूम्रपान नहीं करे

जिंदगी बहुत ही अनमोल है इसलिए इस बात का ध्यान रखिए कि आपका होने वाला पार्टनर नशा न करता हो।

# हेयर सीरम के फायदे

हेयर सीरम में सिलिकान होता है जो बालों में समा कर उन्हें चमकीला दिखाने में मदद करता है. ये रूखे, सूखे और खराब दिखने वाले बालों के लिये एक जादुई छड़ी के समान है. हेयर एक्सपर्ट्स अक्सर बालों में सीरम लगाने की सलाह देते हैं. लेकिन वो ऐसा क्यों कहते हैं आज हम आपको बताते हैं. अगर आपने अभी तक बालों में सीरम नहीं लगाया है तो जल्द से जल्द आपको इसका इस्तेमाल करना शुरु कर देना चाहिए. क्योंकि इसके बेहद फायदे हैं. हेयर सीरम में सिलिकान होता है जो बालों में समा कर उन्हें चमकीला दिखाने में मदद करता है. ये रूखे, सूखे और खराब दिखने वाले बालों के लिये एक जादुई छड़ी के समान है. इसको हल्का सा बालों में लगाया और बाल बन जाते हैं स्मूथ और सिल्की. हेयर सीरम को लगाने से आपके बाल सुलझे और स्वस्थ्य रहते हैं. साथ ही इसे लगाने से सूरज की कठोर यूवी रेज, प्रदूषण और वातावरण की नमी आपके बालों पर कोई बुरा असर नहीं डाल पाएंगी. हेयर सीरम को बालों की लंबाई के अनुसार कवर कर के लगाना चाहिये. इसे जड़ में नहीं लगाया जाता नहीं तो बाल औयली हो जाते हैं. अच्छा रिजल्ट पाने के लिये इसे गीले बालों में ही लगाना चाहिये.

■घने बालों के लिये रूखे और कड़े बालों के लिये हेयर सीरम लगाएं. इससे बाल घने और संभालने में आसान हो जाते हैं. अगर बाल उलझते हैं तो वह भी सही हो जाते हैं.

■बालों को स्ट्रेट या कर्ल करने के लिये जब आप रौड का प्रयोग करेंगी तो बाल लंबे समय तक खराब हो सकते हैं लेकिन अगर आप बालों पर हेयर सीरम लगा कर गरम रौड का प्रयोग करेंगी तो आपके बालों पर कोई बुरा असर नहीं होगा.




■प्रदूषण, धूल-मिट्टी, तेज सूरज की किरणे आदि से ये आपके बालों को बचाता है. इसको लगाने से बाल रूखे नहीं पड़ते.

■कुछ खास हेयर सीरम में यूवी प्रोटेक्शन फार्मूला होता है. जो कि बालों को लगातार सूरज की किरणों से बचाता है.

■कंडीशनिंग तेल की जगह पर आप हेयर सीरम का प्रयोग कर के बालों को सुंदर बना सकती हैं. इससे बाल चिपचिप नहीं करते और अच्छे से संभाले भी जा सकते हैं.

# भूल भुलैया 2 की आंधी को चीरकर आगे निकल सकती है सम्राट पृथ्वीराज, पहले दिन कमाएगी इतने करोड़!






बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की गिनती उन एक्टर्स में होती है, जो साल में अपनी कम से कम चार फिल्में देते हैं। खिलाड़ी कुमार इन दिनों पर्दे पर नए अवतार में दस्तक देने के लिए तैयार हैं। अभिनेता अपनी आगामी फिल्म सम्राट पृथ्वीराज में शक्तिशाली राजा पृथ्वीराज का किरदार निभाएंगे। ये फिल्म राजा पृथ्वीराज चौहान के जीवन और वीरता पर आधारित है। सम्राट पृथ्वीराज महान राजा थे जिन्होंने देश को आक्रमणकारी मोहम्मद गोरी से बचाने के लिए लड़ाई लड़ी और अपने प्राणों की कुर्बानी दी। इस फिल्म के जरिए पूर्व मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। इस फिल्म में वह राजकुमारी संयोगिता के किरदार में नजर आएंगी, जो पृथ्वीराज की प्रेमिका बनी हैं।

इस फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अभिनेता के नए रूप को देखने के लिए फैंस काफी एक्साइटेड हैं। फिल्म भले ही सिनेमाघरों में 3 जून को रिलीज हो रही हो, लेकिन इसके लिए पहले से ही एडवांस बुकिंग हो रही है। क्योंकि ये एक एतिहासिक फिल्म है, इसलिए अक्षय कुमार को उम्मीद है कि माता-पिता अपने बच्चों के साथ ये फिल्म जरूर देखेंगे। वहीं दूसरी ओर फिल्म के कलेक्शन को लेकर भी तरह-तरह की बातें की जा रही हैं। उम्मीद की जा रही है कि ये फिल्म कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया को कमाई के मामले में पहले दिन पीछे छोड़ सकती है।

पिछले कुछ समय से बॉक्स ऑफिस पर एक के बाद एक कई फिल्में फ्लॉप हो चुकी हैं। ऐसे में दर्शकों को एक बढ़िया फिल्म की तलाश थी, जिसे भूल-भुलैया 2 ने खत्म किया है। कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया 2 कमाई के मामले में पहले दिन से आगे चल रही है। वहीं कंगना रणौत की फिल्म धाकड़ बॉक्स ऑफिस पर मुंह के बल गिरी है। आयुष्मान खुराना जो कि हमेशा बेहतरीन फिल्में देने के लिए जाने जाते हैं उनकी अनेक भी बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई।

सम्राट पृथ्वीराज के कलेक्शन की बात करें तो मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पहले दिन कमाई के मामले में ये फिल्म बड़ा धमाका कर सकती है। माना जा रहा है कि ओपनिंग डे पर ये फिल्म 15 करोड़ के आसपास कमाई कर सकती है। अगर ऐसा हुआ तो अक्षय की फिल्म कार्तिक की भूल भुलैया को पछाड़ने में कामयाब रहेगी।




### रणबीर और आलिया की फिल्म का ट्रेलर होगा 15 जून को रिलीज, पोस्ट शेयर कर दी जानकारी

रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की मोस्ट अवेडेट फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' के ट्रेलर की रिलीज डेट अनाउंस कर दी गई है। फिल्म का ट्रेलर 15 जून को लॉन्च किया जाएगा। आलिया भट्ट ने पोस्ट शेयर कर ट्रेलर रिलीज डेट का खुलासा किया है। एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, सिर्फ 100 दिनों में ब्रह्मास्त्रः पार्ट वन आपका होगा। ट्रेलर 15 जून को आएगा। बता दें, फिल्म के डायरेक्टर अयान मुखर्जी और रणबीर कपूर ने आज से फिल्म का प्रमोशन भी शुरू कर दिया है। फिल्म को प्रमोट करने के लिए रणबीर और अयान विशाखापट्नम पहुंचे हैं।

# जब केके ने अपनी लेडीलव से शादी करने के लिए की थी सेल्समैन जॉब, छठी क्लास में हुई थी पहली मुलाकात



सिंगर केके (कृष्ण कुमार कुन्नथ) ने अपने बचपन के प्यार ज्योति लक्ष्मी कृष्णा से 1991 में शादी की थी। एक बार सिंगर ने खुलासा किया था कि शादी के वक्त वो बेरोजगार थे और ज्योति से शादी करने के लिए उन्होंने सेल्स की जॉब जॉइन की थी।

### लेडीलव से शादी करने के लिए की थी सेल्स की जॉब

द कपिल शर्मा शो पर सिंगर ने बताया था कि उन्होंने ज्योति से शादी करने के लिए सेल्समैन की नौकरी जॉइन की थी, क्योंकि उनके ससुराल वाले चाहते थे कि पहले केके नौकरी करें, उसके बाद ही शादी होगी। साथ ही केके ने कहा, 'मैंने वो नौकरी सिर्फ 3 महीने की, जिसके बाद परेशान होकर जॉब छोड़ दी थी।' सिंगर की वाइफने उन्हें सपोर्ट किया और वे म्यूजिक इंडस्ट्री में अपना करियर बनाने के लिए चल पड़े थे।

केके ने आगे कहा, मैंने एक ही लड़की को लाइफ में डेट किया और वो हैं मेरी वाइफ ज्योति। उनसे मेरी मुलाकात 6वीं क्लास में हुई थी। मैं बहुत शाय लड़का था और ज्योति को भी अच्छे से डेट नहीं कर पाया। कभी-कभी मेरे बच्चे मुझे इस बात पर बहुत छेड़ते हैं। केके का पहला एल्बम सॉन्ग 'पल' 1999 में रिलीज हुआ था, जिसके बाद उन्होंने फिल्मों में सुपरहिट गाने दिए। केके अपने करियर के लिए दिल्ली से मुंबई शिफ्ट हो गए। जहां उन्होंने म्यूजिक में कदम रखा और बॉलीवुड इंडस्ट्री के बड़े सिंगर्स की लिस्ट में शामिल हो गए। केके ने अपने करियर में हिंदी ही नहीं तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, मराठी, बंगाली और गुजराती फिल्मों के लिए भी गाने गाए हैं। फिल्मों में ब्रेक मिलने से पहले केके ने करीब 35,000 जिंगल्स गाए थे।



BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
Paul Sir
रामा कोचिंग
135, NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Pankaj Mobile
Tata Play Connection Available
All Accessories & General Electricals Items
All Types Recharge & DTH, FastTag Recharge
Pankaj Umbre-
Mo.- 9993240894, 7987806710
Shop No.- 4, Jugnu Dera Complex, Adarsh Nagar, Potia Road, Durg (C.G.)

SHRI SAI COMMERCE COACHING
A Complete Commerce Solution
ONLINE CLASS XI<sup></sup>th XIIth B.COM CA/CS/CMA
Registration Open
KHOOBI SIR- Director
Sirsa Road, Kohka, Bhilai, Mo.-98935-82241
www.shri.sai.commercecoaching.com

कलश ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषण के निर्माता एवं विक्रेता
हमारे यहां उचित ब्याज पर गिरवी रखी जाती है।
देवांगन होटल के बाजू में, मुक्तिधाम रोड, रामनगर, भिलाई, जिला-दुर्ग
9074621825


हरे कृष्णा S.S.D हरे रामा
firstcare of Kids
Rajendra Choithramani Mob. 9111830803
न्यू नन्हे उस्ताद Kids Wear
Specialist of all Kinds of Kid's Wear, Cosmetics, Toys & Many More...
हमारे प्रतिष्ठान में अनुभवी कर्मचारियों की आवश्यकता है
पता : मढ़रिया काम्प्लेक्स के सामने, आदर्श नगर, दुर्ग (छ.ग.)

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता

बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द में आज से 15 तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

**राजनांदगांव।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव द्वारा 1 जून से 15 जून 2022 तक प्रतिदिन कार्यालयीन समय में वृहद पैमाने पर प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। जिला रोजगार कार्यालय तहसील परिसर राजनांदगांव टेक्नोटॉस्क प्रायवेट लिमिटेड द्वारा आरोहण बीपीओ सेंटर टेड़ेसरा जिला राजनांदगांव में कस्टमर सर्विस एसोसिएट पद के 500 पदों की भर्ती के लिए प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। उप संचालक रोजगार ने बताया कि आवेदकों को अपने साथ शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साईज फोटो एवं आधार कार्ड की छायाप्रति लाना अनिवार्य हैं। आने जाने का मार्ग व्यय देय नहीं होगा। इच्छुक अभ्यर्थियों को अपने सभी मूल प्रमाण पत्र एवं रोजगार पंजीयन कार्ड के साथ निर्धारित तिथि एवं स्थल पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है।

### मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद भैंसगांव के छात्र जीवन दास का हुआ आत्मानंद में प्रवेश

**रायपुर।** समूचे प्रदेश में आत्मानंद अंग्रेजी उत्कृष्ट शाला की सफलता की कहानी भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान भी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को आम लोगों के द्वारा इस सफल शासन की योजना को लेकर लोगों ने जमकर सराहना की कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत भैंस गांव के प्राथमिक शाला में पढ़ने वाले छात्र जीवन दास बघेल ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि उसे भी स्वामी आत्मानंद स्कूल में पढ़ने की इच्छा है जिस की बात सुनते ही मुख्यमंत्री ने जिला कलेक्टर रजत बंसल को निर्देश दिया कि उक्त छात्र का प्रवेश स्वामी आत्मानंद स्कूल में प्रवेश करवाने की व्यवस्था की जाए । जिसे मंगलवार को जिला कलेक्टर रजत बंशल, जिला सीईओ रोहित व्यास, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान के निर्देश पर लोहंडीगुड़ा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व संजय विश्वकर्मा जी के उपस्थिति में छात्र जीवनदास बघेल को संस्था में विधिवत प्रवेश करवाया गया। उसी का नतीजा है कि मुख्यमंत्री के भेंट मुलाकात कार्यक्रम में ग्रामीण इलाकों में भी इस स्कूल के प्रति लोगो मे उत्साह बना हुआ है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से छात्र जीवन दास ने आग्रह किया था ।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र को हो रहा समग्र विकास : प्रहलाद पटेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मोदी सरकार के 8 साल पूरे होने पर छत्तीसगढ़ पहुंचे केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए मोदी सरकार के 8 सालों की उपलब्धियों को बताया। उन्होंने कहा कि 2014 से अब तक अमूलचूल परिवर्तन हुआ है। मोदी के नेतृत्व में बेहतरीन काम हुआ। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का 8 साल बेमिसाल रहा और हम सुशासन के रास्ते पर काम कर रहे हैं।




प्रहलाद पटेल ने कहा कि मोदी जी के 8 सालों कार्यकाल में भारत को नई पहचान मिली है। पटेल ने आगामी रणनीति को लेकर कहा कि हमारा लक्ष्य 2024 तक भारत के एक एक घर में नल जल योजना को पहुंचाना है जब तक किसी जगह पर पानी नही पहुंचेगा, तब तक उस क्षेत्र का विकास नहीं हो सकता है। भारत देश के कई राज्यों ने इस योजना में बहतरीन काम कर के दिखाया है। उहोंने कहा कि राज्य सरकार के कामों की भी समीक्षा की जाएगी। प्रधानमंत्री आवास योजना का हर एक नागरिक तक पहुंचाना है। आज भी कई लोग हैं, जो प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से वंचित हैं। राज्य सरकार कहती है, केंद्र पैसा नहीं भेजता, लेकिन वो ये नहीं बताती की केंद्र के भेजे हुए पैसों के योजनाओं को राज्य यहां चला भी नहीं पा रहा है। उन्होंने काह कि मोदी अपने लक्ष्य पर कायम थे। छत्तीसगढ़ में ईडी की सक्रियता को लेकर कहा कि हमने भी कई साल विरोध की राजनीति की है. कभी हमारे घर तो छापा नहीं पड़ा। अगर कुछ किए नहीं है, तो डर किस बात का है। उन्होंने राज्य सरकार पर तंज मारते हुए कह कि यहां आज छापा पड़ेगा भी तो ईडी सिर्फ गोबर ही लेकर जाएगी। इसलिए राज्य सरकार को भी डरना नहीं चाहिए।

इसके अलावा उन्होंने कोरोना वैक्सीन,कश्मीर से धारा 370 हटाना,राम जन्मभूमि,नोटबंदी,तील तलाक सहित सरकार के लिए गए विभिन्न फैसलों के बारे में बात की । सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास ये नारा लेकर केंद्र सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए काम कर रही हैं। केंद्र सरकार गांव, गरीब, किसान की सरकार है साथ प्रधानमंत्री आवास, स्वच्छ पेयजल के लिए जल जीवन मिशन और कृषि के क्षेत्र में किसानों के सम्मान के लिए सम्मान निधि के साथ हर वर्ग के लिए कार्य किया हैं। जिसका लाभ आज आमजन मानस को मिल रहा है। कोरोना जैसे महामारी में मुफ्त अनाज और मुफ्त वैक्सीन देकर केन्द्र सरकार ने अपनी प्रतिब्धता दिखाई है ये 8 साल के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित किया जाता है। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय, रायपुर सांसद सुनील सोनी, विधायक बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पांडे, पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल, जिलाध्यक्ष ग्रामीण बाबी कश्यप, अशोक पांडे, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष गौरी शंकर वास, प्रहलाद रजक, बेदराम मनहरे, कैलाश नारंग, नरेंद्र ठाकुर शामिल हुए।

### समितियों में खाद बीज का भी किया जा रहा भण्डारण

# धान के बदले अन्य फसल लेने वाले किसानों को अन्य फसलों के लिए मिलेगा ऋण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा। शासन के द्वारा धान के बदले अन्य फसल लेने वाले कृषकों को कृषि ऋण का सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है। धान के बदले अन्य फसल लेने वाले किसानों को अन्य फसलों हेतु खाद, बीज नगद में एवं कृषि सामग्री हेतु ऋण उपलब्ध कराया जा रहा हैं। किसानों को ऋण उपलब्ध कराने हेतु सहकारी समितियों में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। ऐसे सभी किसानों को धान की फसल परिवर्तन करने पर ली जाने वाली अन्य फसलों जैसे कोदो ,उड़द, मूंग, अरहर के बीज समितियों के माध्यम से उपलब्ध कराया जा रहा है।**



कृषि विभाग के मैंदानी अधिकारियों के द्वारा लगातार किसानों से संपर्क कर उन्हें फसल परिवर्तन करने एवं अन्य फसलों हेतु कृषि ऋण दिलाने हेतु राजीव गांधी योजना का व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। शासन द्वारा धान के बदले अन्य फसलों को बढ़ावा देने के संबंध में जिले को 21 हजार 229 हेक्ट. का लक्ष्य प्रदाय किया गया है। जिले को प्रदाय लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए कृषि विभाग का मैंदानी अमला योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने में पूरी तरह से जुट गया है। योजना हेतु इच्छुक सभी किसानों से विभाग द्वारा सहमति पत्र भरवाया जा रहा है।

उप संचालक कृषि अनिल शुक्ला ने बताया कि छ.ग. शासन के द्वारा कृषि में पर्याप्त निवेश एवं कास्त लागत में राहत देने कृषि आदान सहायता हेतु राजीव गांधी किसान न्याय योजना लागू की गई है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना का संचालन फसल विविधिकरण, फसल क्षेत्राच्छादन, फसल उत्पादन को प्रोत्साहित करने एवं कृषि आदान सहायता हेतु किया जा रहा है। वर्ष 2022-23 में राजीव गांधी किसान न्याय योजनांतर्गत धान के बदले अन्य फसल हेतु जिले में 927 किसानों के द्वारा कुल 358.440 हेक्टेयर रकबे हेतु सहमति दे दी गई है। योजनांतर्गत धान के साथ-साथ कृषि एवं उद्यानिकी के उत्पादक कृषकों को नौ हजार रूपये प्रति एकड़ आदान सहायता राशि एवं ऐसे कृषक जो गत वर्ष धान विक्रय किए गए रकबे में सामान्य धान के स्थान पर सुगंधित धान, फोर्टिफाइड धान, कृषि एवं उद्यानिकी की अन्य फसलें अथवा वृक्षारोपण करता है तो उसे प्रति एकड़ 10 हजार रूपये दी जावेगी। वृक्षारोपण करने वाले कृषकों को लगातार 3 वर्षों तक आदान सहायता के रूप में 10 हजार रूपये प्रति एकड़ प्रदाय किया जाएगा।

समितियों में पर्याप्त मात्रा में खाद बीज का किया जा रहा भण्डारण - समितियों में धान के अलावा अन्य फसलों के बीज एवं खाद भी पर्याप्त मात्रा में समिति में भण्डारित किया जा रहा है। उप संचालक कृषि अनिल शुक्ला ने बताया कि समितियों में अभी तक धान बीज 7 हजार 985 क्विंटल, कोदो 59 क्विंटल, अरहर 78 क्विंटल, उडद 11 क्विंटल एवं मूंग बीज 21 क्विंटल का भण्डारण किया जा चुका है।

इसी प्रकार यूरिया खाद दो हजार 329 टन, डीएपी 564 टन, एमओपी 120 टन, एसएसपी एक हजार 59 टन एवं एनपीके खाद एक टन का भण्डारण किया जा चुका है। कृषि ऋण के संबंध में उप संचालक कृषि, अनिल शुक्ला द्वारा नोडल अधिकारी जिला सह केन्द्रिय बैंक मर्या. एवं उप पंजीयक सेवा सह. संस्थाओं के द्वारा बैठक कर खाद एवं बीज की उपलब्धता एवं भंण्डारण पर चर्चा की गई। शुक्ला द्वारा बताया गया कि समितियों में धान के अलावा कोदो, अरहर, उड़द, मूंग सन एवं ढेंचा (कृषि विभाग द्वारा) का भण्डारण किया गया है जो कि कृषकों के लिए नगद में उपलब्ध है।

### जिले में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस का हुआ आयोजन

# तम्बाकू नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए लोगो को किया गया जागरूक




श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस 31 मई 2022 के अवसर पर जिला कोरबा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी. बी. बोडे ने कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के समस्त स्टाफ का तम्बाकू नियंत्रण एवं उपयोग न करने के संबंध में शपथ ग्रहण कराया। साथ ही तम्बाकू नियंत्रण एवं इसके उपयोग को रोकने के लिए लोगो को जागरूक किया गया।

इस अवसर पर डॉ. बी.बी. बोडे ने जानकारी दी कि तम्बाकू के इस्तेमाल से हर साल करीब 50 लाख लोगों की मृत्यु होती है। इसके अलावा तम्बाकू के सेवन से गंभीर बीमारियां जैसे मुंह का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, उच्च रक्तचाप, दिल का दौरा, नपुंसकता, स्वाद तथा सूंघने की शक्ति का प्रभावित होना, आंखों में जलन, मोतियाबिंद, हड्डी का घनत्व कम होना बीमारियां होती है। साथ ही परिवार के रिश्तों में भी प्रभाव पड़ता है । डॉ.बी.बी. बोडे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला कोरबा एवं डॉ. कुमार पुष्पेश, जिला नोडल अधिकारी (एन.टी.सी.पी.) के मार्गदर्शन में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय परिसर में नुक्कड़ नाटक, ड्राइंग पोस्टर और सलोगन राइटिंग प्रतियोगिता नर्सिंग कॉलेज के बच्चों के द्वारा किया गया तथा उन्हें पुरस्कृत किया गया। विभिन्न प्रकार के एन.जी.ओ. एवं शिक्षा विभाग द्वारा भी अपने संस्थानों में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया गया। जिले के समस्त स्वास्थ्य संस्थानों, आयुष्मान भारत हेल्थ एण्ड वेलनेंस केन्द्रों में तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर जागरूकता अभियान, रैली, शपथ ग्रहण कार्यक्रम किया गया। विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के उपलक्ष में कोटपा अधिनियम 2003 की जानकारी डॉ. मानसी जायसवाल जिला सलाहकार द्वारा दी गई । धारा 4 के तहत सार्वजनिक स्थान में धुम्रपान पर प्रतिबंध, धारा 5 के तहत सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पादों के विज्ञापन पर प्रतिबंध, धारा 6 नाबालिकों और शैक्षणिक संस्थानों के आस-पास सिगरेट या अन्य तम्बाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध, धारा 7.8 एवं 10 बिना विशिष्ट स्वास्थ्य चेतावनियों के सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध के बारे मे जानकारी दी गयी।

डॉ.बी.बी. बोडे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला कोरबा एवं डॉ. कुमार पुष्पेश, जिला नोडल अधिकारी (एन.टी.सी.पी.) के मार्गदर्शन में शहर के हृदय स्थल निहारिका चौक से घंटाघर के मध्य तम्बाकू निषेध जागरूकता रैली एवं नुकड़ नाटक का आयोजन किया गया एवं जानकारी दी गई कि वर्तमान स्थिति में तम्बाकू उत्पाद से पर्यावरण को काफी नुकसान हो रहा है जिससे जनसमुदाय प्रभावित है। अपने आस-पास के तम्बाकू सेवन करने वाले व्यक्तियों को तम्बाकू का सेवन न करने के लिये प्रेरित करें तथा पर्यावरण की संरक्षण करने में अपनी भूमिका निभायें।

# त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2022 के लिए कार्यक्रम घोषित 3 से भरे जायेंगे नामांकन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग, रायपुर द्वारा 31 मार्च 2022 की स्थिति में राज्य के विभिन्न जिलों में रिक्त त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन हेतु कार्यक्रम जारी किया गया है। जिसके अनुसार 03 जून 2022 से नामांकन भरे जायेंगे।

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयुक्त ठाकुर रामसिंह ने बताया कि प्रदेश के 7 जनपद पंचायत सदस्य, 118 सरपंच तथा 630 पंच इस तरह कुल 755 रिक्त पदों पर निर्वाचन के लिए जिन क्षेत्रों में निर्वाचक नामावली तैयार एवं पुनरीक्षित कर 25 मई 2022 को अंतिम प्रकाशन किया गया है उन क्षेत्रों में उप निर्वाचन 2022 कराया जाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच एवं पंचों का निर्वाचन एक साथ कराया जायेगा। ऐसे ग्राम पंचायत जिनका कार्यकाल 6 माह से अधिक शेष है वहां पद रिक्त होने की स्थिति में उप निर्वाचन कराया जायेगा। त्रिस्तरीय पंचायतों के निर्वाचन गैर दलीय आधार पर होंगे। मतदान मतपत्र द्वारा राज्य निर्वाचन आयोग की मतपेटी के द्वारा कराया जायेगा। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान प्रत्येक गतिविधि में वैश्विक महामारी कोविड-19 के प्रकोप को ध्यान में रखते हुए केन्द्र व राज्य सरकार एवं आयोग द्वारा जारी गाईडलाईन का पालन अनिवार्य रूप से किया जाएगा। निर्वाचन की घोषणा के साथ ही परिणाम की घोषणा तक संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता लागू रहेगी।

### त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2022 हेतु कार्यक्रम

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2022 हेतु पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के नियम 28 के अनुसार समयबद्ध कार्यक्रम जारी किया गया। जिसके अनुसार निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन 3 जून प्रातः 10:30 बजे होगा एवं इसी दिन एवं इसी समय सें नामनिर्देशन पत्र प्राप्त की जायेगी। स्थानों के आरक्षण के संबंध में सूचना का प्रकाशन एवं मतदान केन्द्रों की सूची का प्रकाशन 3 जून प्रातः 10.30 बजे से होगा। नामनिर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 9 जून दोपहर 3 बजे तक निर्धारित की गयी है। नामनिर्देशन पत्रों की संवीक्षा 10 जून प्रातः 10:30 बजे से किया जायेगा। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 13 जून दोपहर 3 बजे तक है। निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार करने और निर्वाचन प्रतीकों का आबंटन 13 जून अपरान्ह 3 बजे के बाद किया जाएगा। वाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन 13 जून को प्रतीक आबंटन के तुरंत बाद किया जाएगा। मतदान (यदि आवश्यक हो) 28 जून 2022 मंगलवार प्रातः 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक होगा।

### कार्यालय कार्यपालन अभियंता
### लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग बिलासपुर ( छ.ग. )

नगर निगम टाऊन हाल के पीछे पिनः-495001 फोन नं. 07752 418657 Email - bridge_bilaspur@rediffmail.com

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक 2074/NIT-18/2022-23/संशोधन क्र. 1/व.ले.लि./दिनांक 30.05.2022

इस कार्यालय द्वारा जारी निविदा विज्ञप्ति क्र. 1940 दिनांक 18.05.2022 Advt. No. 91319 में निविदा संबंधी प्रक्रिया की निर्धारित तारिखों को परिवर्तित कर निम्नानुसार पढ़ा जावे।

| विवरण | पूर्व में सूचित दिनांक | संशोधित दिनांक |
|---|---|---|
| निविदा हेतु आवेदन की अंतिम दिनांक | 27.05.2022 | 06.06.2022 |
| निविदा प्राप्ति की अंतिम दिनांक | 02.06.2022 | 10.06.2022 |
| निविदा खोलने की दिनांक | 03.06.2022 | 13.06.2022 |

छ.ग. शासन, लोक निर्माण विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर, जिला-रायपुर के पत्र क्र. एफ 21-5/टी/19/2012/निविदा/नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 15.10.2020 के माध्यम से विशेष कंडिका जो निम्नानुसार है :-

(अ) Special Condition for SOR Item No. 8.4, 8.5, 8.6, 8.7 Retro-reflectorized Traffic sings, direction & Place Identifications signs & overhead signs.

1. The bidder of tender shall submit authorized converter certificate issued by Retro Reflective Sheeting manufacture, the Retro Reflective sheeting manufacturer should have an subsidiary in India, the certificate issued by National Distributor or Agency will not be allowed.
2. The bidder of tender shall submit current tender specific authorized converter certificate issued by Retro Reflective sheeting manufacturer, the Retro Reflective sheeting manufacture should have an subsidiary in India, the certificate issued by National Distributor or Agency will not be allowed.
3. The bidder shall obtain from the manufacturer of Retro Reflective sheeting a pre-Qualification warranty certificate for 10 years for class C type of sheeting and for 7 years for class B Type of sheeting in original for satisfactory field performance of Retro Reflective sign as per IRC 67-2012 Clause 6.7 & 6.9 which should be jointly attested by Retro Reflective sheeting manufacturer and Authorized Tenderer/Converter.
4. The bidder shall submit Government/ International Lab Test Report for Retro Reflective sheeting for meeting test results criteria as per IRC 67-2012.

( सुकदेव राम सिन्हा )
कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग
बिलासपुर (छ.ग.) मो.नं. 9424288333

जी-91719/5

अरिहंत इंटेरियर्स
वॉलपेपर, वुडन फ्लोरिंग, पीवीसी फ्लोरिंग
विंडोव ब्लाइंड्स, एक्रीलिक रेलिंग, आर्टिफिसियल ग्रास, पीवीसी पैनल, ग्लास फिल्म
शॉप नं.-23, नेहरू रोड, सुपेला, भिलाई, 9584400900

YOGESH COMPUTER Sales & Service
All Computer Peripherals & Repairing
Hardware CCTV Camera Networking Software
Yogesh Sirame Mo-9893342971 7748064280
Azad Chowk, Muktidham Road Ramnagar, Supela, Bhilai
Email : sirameyogesh@gmail.com

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

GREEN COMPUTER
Sales, Services, Repairs
Laptop Repairing Printer Desktop
7/2, Dakshin Gangotri, Supela, Bhilai
0788-4083385

Y Fitness
Gym Servicing
Gym Equipment & Accessories Available
Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

मथुरावासी चाट सेंटर
शादी एवं पार्टियों के आर्डर लिए जाते हैं।
9893283525
जैन पान ठेला के सामने आकाश गंगा सुपेला

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

SAIRAM Mobile Accessories
कवर ही कवर
I-PHone,Samsung, MI, Oppo, Vivo, Nokia, HTC, Blue tooth Charger, Power Bank, Ear Phone, BT. Speakar
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर

### एयरपोर्ट में जांच के दौरान यात्री से मिला पिस्टल, युवक से पूछताछ जारी

**रायपुर।** रायपुर एयरपोर्ट पर सुरक्षा जांच के दौरान उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक के पास से पिस्टल मिला। इस घटना के बाद तत्काल एयरपोर्ट पर सुरक्षा अलर्ट कर दी गई। वहां तैनात सीआइएफएफ के जवानों ने युवक को घेरकर पकड़ लिया। उसके पास से पिस्टल जब्त कर ली गई। पूछताछ में पिस्टल के साथ मिले जय थड़ानी नामक युवक ने बताया कि वह इसे लेकर बैंगलोर जा रहा था। माना पुलिस के द्वारा युवक से पूछताछ की जा रही है।

इधर, बता दें कि रायपुर में महीने भर के भीतर पांच से अधिक अवैध पिस्टल जब्त किए जा चुके हैं। यहां झारखंड के साथ उत्तरप्रदेश और बिहार से कट्टा और पिस्टल की सप्लाई होती है। जिस बड़ी संख्या में रायपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में इन्हें खपाया जा रहा है, उससे स्पष्ट है कि आपराधिक चरित्र वाले बदमाश कभी कोई बड़ी घटना कर सकते हैं।

### 10 किलो गांजा लेकर बस का कर रहा था इंतजार, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**महासमुंद (ए)।** बसना पुलिस ने एक व्यक्ति को गांजा तस्करी करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इसके पास से पुलिस ने 10 किलो गांजा बरामद किया है, जिसकी कीमत 2 लाख रुपए आंकी गई है। बताया जा रहा है कि आरोपी बस का इंतजार करते हुए खड़ा था। बसना थाना प्रभारी आईपीएस प्रशिक्षु निखिल राखेचा ने बताया कि वीरनारायण सिंह चौक के पास ग्राम छोटे करगी खुर्द थाना कोटा जिला बिलासपुर निवासी कांता प्रसाद पिता मनोहर कुंभकार (32) को 10 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है।

उन्होंने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति जो लाल रंग के टी शर्ट एवं नीला जींस पैंट पहना हुआ है वह ओडिशा पदमपुर की ओर से आकर वीरनारायण सिंह चौक बसना के पास आकर बिलासपुर की ओर जाने वाली बस वाहन का इंतजार करते हुए खड़ा है। उसके पास एक एक सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी है, जिसमें वह गांजा रखा हुआ है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर बोरी की तलाशी। गांजा मिलने पर उसे हिरासत में लेकर थाना लाई।

### राइस मिल के सामने सोए युवक पर चढ़ा ट्रक का पहिया, मौत

**महासमुंद (ए)।** कोतवाली थाना के ग्राम बेमचा स्थित एक राइस मिल के मैदान में सोए ग्राम सिंगनगढ़ थाना पटेवा निवासी टकेश्वर यादव पिता मनोज यादव (35) पर ट्रक का पहिया चढ़ गया। इससे युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। बताया जा रहा है कि गर्मी के चलते मृतक मिल के पास वाले मैदान में सो गया था। कोतवाली थाना से मिली जानकारी के अनुसार 29 मई रात सवा 11 बजे भूसा लोड करने के लिए ग्राम सिंगनगढ़ थाना पटेवा निवासी टकेश्वर यादव पिता मनोज यादव (35) व शेरगांव महासमुंद निवासी गोविंद निषाद पिता बाहरू निषाद (33) बेमचा स्थित राइस मिल में आए थे। लेबर ट्रक में भूसा लोड कर रहे थे। मिल से लगे मैदान में टकेश्वर यादव व गोविंद निषाद गर्मी लगने की वजह से चटाई बिछाकर सोए हुए थे। थोड़ी देर बाद ट्रक क्रमांक सीजी 06 जीएन 6977 का चालक उसी मिल में जाने के लिए मैदान की ओर से ट्रक ले गया। तभी जमीन में सोए हुए को दोनों लेबर को चालक देख नहीं पाया और ट्रक टकेश्वर यादव के उपर चल गया। इससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं उसके बगल में सोया गोविंद निषाद बाल-बाल बच गया। गोविंद ने ही उक्त घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी।

### कोर्ट का फैसला:हत्या के जुर्म में 72 साल के बुजुर्ग को आजीवन कारावास

**धमतरी (ए)।** हंसी-मजाक करने पर डेढ़ साल पहले 72 साल के बुजुर्ग ने 52 साल के अधेड़ की लाठी से पिटाई कर हत्या कर दी थी। आरोपी को अपर सत्र न्यायाधीश विजय कुमार साहू ने आजीवन कारावास की सजा दी है। 1 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। दुगली के कुकरीकोन्हा में 15 नवंबर 2020 की शाम सांकरा निवासी जयलाल मरकाम अपनी दूसरी पत्नी सुखबती के घर आए थे। रास्ते में कुकरीकोन्हा निवासी शिशुपाल गोटा से मुलाकात हुई, तो उन्होंने जयलाल से मजाक किया।

---

ड्रग्स के अवैध कारोबार में पूरा परिवार गया जेल

# जब्त नशीली दवाइयों की कीमत 6 लाख के करीब

**बिश्रामपुर (ए)। सोमवार को विश्रामपुर पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए अवैध नशीली दवाइयों का बड़ा जखीरा बरामद कर 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक दंपती और मां बेटा के साथ दो युवक आरोपी हैं। जब्त नशीली दवाइयों की कीमत 6 लाख के करीब है। वहीं इतने बड़े पैमाने पर दवाइयों के अवैध कारोबार के बाद भी ड्रग्स डिपार्टमेंट के अफसरों का पता नहीं रहता है।**



पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम शिवनंदनपुर निवासी आशीष शर्मा उर्फ राजा व सतपता निवासी गुल्लूराम नशीली दवाई इंजेक्शन बाहर से लाकर अपने साथी बबली राव उर्फदिनेश राव, विकास राव, सोनिया राव व संजीवी शर्मा निवासी शिवनंदनपुर के साथ मिलकर बिक्री करने का काम करते है।

बैकुंठपुर कोरिया की तरफसे आशीष और गुल्लूराम एक्टिवा स्कूटी वाहन से नशीली दवाई लेकर शिवनंदनपुर की ओर आ रहे है। थाना विश्रामपुर की पुलिस ने सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सतपता में घेराबंदी कर स्कूटी वाहन सहित आशीष शर्मा व गुल्लूराम को पकड़ा गया, जिनके कब्जे से 3000 नग अल्प्राजोलम टेबलेट, 30 नग एविल इंजेक्शन, 30 नग रेक्सोजेसिक इंजेक्शन पाया गया।

पूछताछ पर आरोपियों ने बताया कि शिवनंदनपुर के दिनेश राव, विकास राव, सोनिया राव व संजीवी शर्मा सभी एक ही घर के रहने वाले हैं, जो नशीली दवाई बिक्री का काम करते हैं, जिन्हें भारी मात्रा में नशीली दवाई बिक्री के लिए दिया है। सूचना के आधार पर विश्रामपुर पुलिस टीम ने इनके घर में दबिश देकर 75 नग एविल इंजेक्शन, 70 नग रेक्सोजेसिक इंजेक्शन, 12000 नग अल्प्राजोलम टेबलेट, 20 नग टी-जेसिक इंजेक्शन, 30 नग निडील सिरिंज जब्त की है।

#### ये आरोपी हुए गिरफ्तार

मामले में आरोपी गुल्लूराम पिता ललन राम 27 वर्ष निवासी सतपता, दिनेश राव पिता के सत्यनारायण राव 29 वर्ष व उसकी पत्नी सोनिया राव 43 वर्ष और दिनेश की बहन संजीवी शर्मा पति ललित शर्मा 42 वर्ष के साथ संजीवी का बेटा आशीष शर्मा निवासी शिवनंदनपुर के खिलाफ धारा 21(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार किया गया।

---

## पहले साथ बैठाकर पिलाया शराब, फिर हंसिया से वार कर उतारा मौत के घाट, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर (ए)।** थाना राखी क्षेत्रांतर्गत ग्राम निमोरा स्थित जोराखार में हुई हत्या के मामले में पुलिस ने राजफाश किया गया है। प्रकरण में आरोपित तिरथ साहू को गिरफ्तार किया गया है। जोराखार अभनपुर रायपुर एक्सप्रेस वे सड़क के किनारे में खेत में 11 मई को कार्तिक मनहरे की लाश मिली थी। गले और पेट में धारदार हथियार से हमला किया गया था।

हत्या का केस दर्ज कर पुलिस टीम जांच में लगी हुई थी। जांच में जुटी टीम के सदस्यों को जानकारी प्राप्त हुई तिरथ साहू और कार्तिक राम मनहरे का कुछ दिनों पूर्व विवाद हुआ था। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा तिरथ साहू को पकड़कर घटना के संबंध में पूछताछ की। लेकिन वह बार-बार अपना बयान बदलता रहा। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपित तिरथ साहू ने बताया कि मृतक कार्तिक राम मनहरे का भाई अरूण मनहरे उसकी नाबालिक बेटी को भगा कर ले गया था। जब भी उसकी मुलाकात कार्तिक राम मनहरे से होती थी, तो कार्तिक राम मनहरे इसी बात को आरोपित को याद दिलाता था। इसी बात से परेशान था। कुछ दिनों पूर्व दोनों का इसी बात को लेकर विवाद भी हुआ था। इसी बात के चलते तिरथ साहू ने कार्तिक राम मनहरे की हत्या करने की योजना बना डाली। योजना के अनुसार तिरथ घटना की शाम कार्तिक राम मनहरे को शराब पिलाने के बात कहकर अपनी गाड़ी में लेकर गया। घटना स्थल के पास बैठकर दोनों ने शराब पी। इसके बाद आरोपित ने मौका पाकर अपने पास रखे धारदार हंसिया से कार्तिक राम मनहरे के चेहरे, माथे, पेट और गले में हंसिया से ताबड़तोड़ वार कर उसकी हत्या कर दी।

#### हत्या के बाद जागी पुलिस ने नाबालिग को किया बरामद

वर्ष 2020 में आरोपित अरूण मनहरे की नाबालिग को भगाकर ले गया था। पुलिस लगतार आरोपित की तलाश में थी। कार्तिक मनहरे की हत्या के बाद पुलिस ने जांच और तेज की और नाबालिग को सकुशल बरामद किया। आरोपित अरूण मनहरे को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपित के खिलाफ हत्या और पाक्सो एक्ट की धारा जोड़कर कार्रवाई की गई।

## आइपीएल सट्टे में लेन-देन को लेकर धमकी के बाद दी थी जान, मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

**रायपुर (ए)।** आइपीएल सट्टे के लेन-देन के नाम पर धमकाने से परेशान होकर रोहित माखीजा नामक व्यक्ति ने चौथी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में गुढ़ियारी पुलिस ने फरार आरोपित उमेश आहुजा (31 वर्ष) शांतिनगर, थाना माधव नगर जिला कटनी (मध्यप्रदेश) को गिरफ्तार किया है। पांच युवकों के खिलाफ आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने का अपराध दर्ज किया था। प्रकरण में पूर्व में दो आरोपित अंकुर वासवानी और अमर रावलानी को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने बताया कि मूलतः मध्यप्रदेश के सतना जिले के निवासी मृतक रोहित माखीजा यहां डंगनिया में अपनी बहन के घर पर कई महीनों से रह रहा था। इस दौरान उसका परिचय आइपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा खिलाने वाले सटोरियों से हो गया था। सट्टे के खेल में रोहित माखीजा लाखों रुपये हार गया था। धमकी से परेशान होकर रोहित ने 25 सितंबर-2021 को श्रीकृष्णानगर, गुढियारी स्थित मकान नंबर 43 की चौथी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली थी।

---

आवेदिका को ब्याज का लालच देकर ज्वेलर्स ने ज्वेलरी देने से किया इनकार

# निराधार शक के आधार पर आयोग किसी महिला को अपमानित नही कर सकती - डॉ नायक

### आयोग की समझाइश दिए जाने पर पति पत्नी को बीस हजार रुपये देने तैयार हुआ

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने आज शास्त्री चौक स्थित राज्य महिला आयोग कार्यालय में महिलाओं से संबंधित शिकायतों के निराकरण के लिए सुनवाई की। एक प्रकरण की सुनवाई में आवेदिका ने बताया कि लगभग 1 करोड़ रुपये से ऊपर का सोने चांदी का सामान अनावेदक ने लिया है। उसकी एफआईआर जिला राजनांदगांव के कोतवाली थाना में वर्ष 2020 में कराया है। जिसमे अनावेदक न्यायालय में उपस्थित नही होता।मेरे पास अपने जीवन यापन के लिए कोई धनराशि नही है। आयोग के समक्ष अनावेदक ने बताया कि उसकी ज्वेलर्स की दुकान में उसका भाई बैठता था। जो भी लेनदेन है वह मेरे भाई ने किया है। मेरे भाई के खिलाफ मैं कार्यवाही करूंगा क्योंकि मैं डेढ़ साल से कैंसर का इलाज करवाने के कारण बाहर था। इस कारण से मैं किसी प्रकार से भाई के विरुद्ध कार्यवाही नही करा पाया हूँ। आज मेरे पास कोई धनराशि नही है। अनावेदक ने स्वीकार किया कि ज्वेलरी दुकान मेरी जरूर थी। मैं शैक्षणिक संस्थान चलाता था। दुकान पर मेरा भाई बैठता था। आवेदिका ने अनावेदक के खिलाफ लगभग एक करोड़ रुपये के बिस्किट और जेवर दिलाये जाने का निवेदन किया है। जिसमे दस्तावेज भी संलग्न है और इस प्रकरण को महज इसलिए खारिज नहीं किया जा सकता कि अनावेदक के खिलाफआपराधिक मामला दर्ज है।यह प्रकरण आवेदिका के जीवनभर की जमा पूंजी को धोखे से हड़पने बाबत है। इसके साथ ही अनावेदक के कथन से यह स्पष्ट है कि अनावेदक अपने भाई के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज नही किया है। जिसमे दोनो भाई का मिलीभगत होना प्रतीत होता है। आयोग ने आवेदिका को, अनावेदक के भाई को भी पक्षकार बनाने के निर्देशित किया गया है। साथ ही अगर अन्य कोई आवेदिका इस ज्वेलरी में ठगी का शिकार हुई हो तो वे भी आयोग में शिकायत दर्ज करा सकती है। इस प्रकरण को आगामी सुनवाई में रखा गया है।

एक अन्य प्रकरण में आवेदिका ने अपनी बहू को ले जाने के आवेदन आयोग में दिया था। जिसमे अनावेदिका बहु अपने पति के साथ रहने से इंकार कर रही है। आवेदिका के पुत्र और अनावेदिका बहु दोनो आर्य समाज मे विवाह किया। जिसके एक दिन बाद ही अनावेदिका अपने पिता के घर चली गई थी। अब अनावेदिका बहु तलाक चाहती है। आयोग द्वारा दोनो पक्षों को न्यायालय में तलाक की प्रकिया करने के निर्देश के साथ इस प्रकरण को नस्तीबद्ध किया गया।

एक अन्य प्रकरण में पति पत्नी के मध्य लिखित समझौता हुआ दोनो एक दूसरे के शर्तों को मानने सहमति दी है। आयोग की समझाइश दिए जाने पर पति पत्नी को बीस हजार रुपये देने तैयार हुआ दोनो के मध्य लिखित समझौता स्टाम्प पर आगामी दिनांक को लिखाया जाएगा प्रकरण को आगामी दिनांक मे इस प्रकरण का निराकरण किया जाएगा।

एक अन्य प्रकरण में उभय पक्षों के मध्य पिछली सुनवाई में 50 हजार देने की बात हुई थी परन्तु 6 माह तक एक भी रूपये आवेदिका को नहीं दिया है। आवेदिका का कथन है कि उसने डेढ़ लाख रूपये की बाइक खरीदकर अनावेदक को दिया है उसकी किस्त भी चुकाई है। अनावेदक की गाड़ी को आयोग में जमा किया गया है। आगामी दिनांक को आवेदिका को 50 हजार रुपये देगा और अपनी गाड़ी वापस ले जायेगा। पैसा नहीं देने पर गाड़ी की चाबी आवेदिका को सुपुर्द कर दिया जायेगा। आज जनसुनवाई में 31 प्रकरण रखे गए थे जिसमें 4 प्रकरण को नस्तीबद्ध किया गया है।

#### पीएचई के कार्यपालन अभियंता को प्रकरण की बारीकी से जांच करने आयोग ने दिए निर्देश

एक अन्य प्रकरण में अनावेदक ने पिछली सुनवाई में पीएचई के कार्यपालन अभियंता का नाम लिया था, आज की सुनवाई में कार्यपालन अभियंता आयोग में समस्त दस्तावेज लेकर उपस्थित हुए। आज की सुनवाई में अनावेदक ने आने से इंकार किया है। पीएचई अधिकारी ने आयोग को बताया कि अनावेदक ने श्रम न्यायालय के उपादान आदेश दिनांक 16 जुलाई 2021 प्रस्तुत किया था। जिसके पालन में लगभग 7 लाख रूपये उसके खाते में भेज दिया गया था। चूंकि उनके अभिलेख में यह दर्ज था कि उनके पिता की दो संतान है। न्यायालयीन आदेश के कारण अनावेदक को राशि दी गई थी वर्तमान में जीआईएस और डीपीएफ खाते में लगभग 4 लाख रूपये राशि जमा है। जिसे अब तक नहीं दिया गया है और अनावेदक वर्तमान में अनुकंपा नियुक्ति के तहत प्रोबेशन पिरियड पर है। आयोग के द्वारा अधिकारी कार्यपालन अभियंता पीएचई में कार्यरत है। उन्हें निर्देशित किया जाता है कि वह अनावेदक को शासकीय शोकॉस नोटिस भेजकर 7 लाख रूपये जमा कराने और श्रम न्यायालय के समस्त दस्तावेज और फाइल की प्रमाणित प्रतिलिपि भी जमा कराने के निर्देश दिए हैं।अपने स्तर पर श्रम न्यायालय के अभिलेखों की बारिकी से जांच कर आवेदिका की मदद कर समस्त दस्तावेजों की प्रतिलिपि आयोग की सुनवाई के समक्ष प्रस्तुत करने कहा गया। जिससे इस प्रकरण का निराकरण किया जा सकें।

#### स्वसहायता समूह की महिलाएं आयोग के समक्ष एक दूसरे से मांगे माफी

इसी तरह एक अन्य प्रकरण में आवेदिका वर्तमान में 8 माह की गर्भवती है। अनावेदक नगर निगम रायपुर में कार्य करता है। जहां उसे 10 हजार प्रतिमाह मिलता है। आयोग द्वारा समझाईश दिये जाने पर 5 हजार रूपये प्रतिमाह देना स्वीकार किया। आगामी दिनांक को उभय पक्ष को उपस्थित होने कहा गया। जिसमे अनावेदक की पहली पत्नी को आयोग से फोन कर सूचना दी जायेगी। जिससे कि इस प्रकरण में दोनो पक्षों की समस्या का स्थायी निदान किया जा सकेगा।एक अन्य प्रकरण में आवेदिकाओं ने अनावेदिका के विरुद्ध अलग अलग शिकायत किये हैं। दोनो पक्ष स्व सहायता समूह में रोजगार करती हैं। आपसी वर्चस्व की लड़ाई को लेकर दोनो पक्षों को समझाइश दिया गया है। अपने कार्य पर ही ध्यान केंद्रित करें और एक दूसरे के कार्य पर हस्तक्षेप ना करें। पूर्व में किये गए कार्यों के कारण हुए मतभेद को समाप्त करते हुए दोनो पक्षों ने एक दूसरे से आयोग के समक्ष माफी मांगे हैं। भविष्य में एक दूसरे के खिलाफ दुर्व्यवहार बयानबाजी न करने की बात स्वीकार किये हैं। इस प्रकरण को नस्तीबद्ध किया गया।

---

## मारुति लाइफस्टाइल में जुआ खेलते 13 लोग गिरफ्तार, 10 लाख 62 हजार जब्त



**रायपुर (ए)।** सरस्वती नगर पुलिस ने मारुति लाइफ स्टाइल स्थित क्लब पराइसो में बैठकर जुआ खेल रहे 13 लोगों को पकड़ा है। इनके पास से 10 लाख 62 हजार रुपए जब्त किया गया है। पुलिस की यहां की गई कार्रवाई में शहर के कई नामी लोग पकड़े गए हैं। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपितों में सुनील जैन पिता अनुभव जैन, सौरव जैन पिता विजय जैन, नितेश जायसवाल पिता राजेंद्र जायसवाल, संजय महेश्वरी पिता मोहनलाल माहेश्वरी, राजकुमार पोड़ पिता मकरन पोड़, पप्पू साहू पिता कमल साहू, छोटू सागर पिता जय सागर, राम गुप्ता पिता संतोष गुप्ता, भुवन महानंद पिता गरुण महानंद, मैहताब हुसैन पिता तफज्जुल हुसैन, सचिन जैन पिता अशोक जैन, मन्नलाल पिता रामायण प्रसाद, राजेंद्र बागड़े पिता देवीशंकर बागड़े, योगेश अग्रवाल पिता प्रदीप अग्रवाल, संतोष शुक्ला पिता गोरेलाल शुक्ला को जुआ एक्ट में गिरफ्तार किया गया है।

### बेटे ने पिता पर कुल्हाड़ी से किया जानलेवा हमला

**कांकेर (ए)।** चारामा के ग्राम लिलेझर में पुराने विवाद को लेकर पुत्र ने पिता की हत्या करने उस पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल पिता को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस पुत्र के खिलाफअपराध पंजीबद्ध इसकी जांच कर रही है। घटना की जानकारी देते परिजनों ने बताया कि पिता गोपी राम (65) ग्राम लिलेझर घटना के दिन अपने घर में सुबह खाना खाने के लिए पहुंचा था। इसी दौरान पुत्र तरूण घोडापटिया पुरानी बातों को लेकर पिता से विवाद करने लगा । पिता के मना करने पर घर में रखे टंगिया से जाने से मारने की नीयत से उस पर हमला कर दिया। जिससे पिता के सिर व हाथ में चोटें आई है।


सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:- 9303289950, 9827806026, 8962815243

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षों से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बड़ौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### भिलाई के फिटनेस किंग जिम के खिलाड़ियों ने राष्ट्र स्तरीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता मे जीता पदक

**भिलाई।** कोलकाता के हावड़ा में वर्ल्ड पॉवरलिफ्टिंग असोसिएशन द्वारा आयोजित राष्ट्र स्तरीय पॉवरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में फिटनेस किंग जिम के खिलाडीयों ने भिलाई का प्रतिनिधित्व करते हुए राज्य का नाम रोशन किया। उक्त प्रतियोगिता 22 से 27 मई तक आयोजित की गयी थी। प्रतियोगिता में 62 किग्रा वजन समूह मे शौमभ घोष ने स्वर्ण पदक एंव 90किग्रा वजन समूह मे प्रियांशु दास ने स्वर्ण पदक जीत कर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया। सभी खिलाडी विगत 2 माह से अंतर्राष्ट्रीय गोलड मेडलिस्ट धर्मवीर सिंह के साथ अभ्यास करते रहे है जो की अपने अनुभव से खिलाडियों के प्रेरणा स्त्रोत बने हुए है। खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय गोल्ड मेडलिस्ट धर्मवीर सिंग प्रतिदिन 2 से 3 घंटे का अभ्यास कराने के साथ ही खिलाड़ियों को प्रोत्साहित भी करते हैं। खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य के लिए कोच धर्मवीर सिंग कठिन परिश्रम करते हैं। भिलाई के खिलाड़ियों की इस सफ्लता पर दर्शन सिंग मथरु,संजय खंडेलवाल , फ्तेहवीर सिंग, राजीव शर्मा, दिलावर सिंग,लक्ष्मी देवी,अवतार सिंग, अफ्रोज खां, सतीश पटले, समीर, पीयूष, बलजीत सिंह, रम्मी सिंग एवं सागर दास साहू ने हर्ष व्यक्त किया।

# भिलाई के शहरी गौठान में महिलाएं तैयार कर रही है सेनेटरी पैड

## कम कीमत के चलते कमजोर वर्ग तक होगी इसकी पहुंच

श्रीकंचनपथ न्यूज

### क्वालिटी से कोई समझौता नहीं बल्कि माहवारी के दौरान महिलाओं को एनर्जेटिक रखना होगा इस पैड की खासियत



**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत शहरी गौठान में महिलाएं सेनेटरी पैड बनाने का कार्य कर रही है। इसके लिए महिलाओं ने लगभग डेढ़ लाख की मशीन स्थापित की है, सेनेटरी पैड बनाने के लिए महिलाओं ने काम चालू कर दिया है, आज निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने कार्य का निरीक्षण किया उन्होंने महिलाओं को इस दिशा में आवश्यक निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त मनीष गायकवाड, प्रभारी सहायक अभियंता आलोक पसीने, उप अभियंता गौरव अग्रवाल, सामाजिक कल्याण विभाग से अजय शुक्ला, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन से फ्णींद्र बोस, महिला स्व सहायता समूह से सुलोचना धनकर, रेखा बघेल आदि मौजूद रहे। सेक्टर 2 की जगत जननी महिला स्व सहायता समूह ने कमजोर वर्ग आए की किशोरियों और महिलाओं तक इस पैड को पहुंचाने का जिम्मा लिया है। समूह की अध्यक्ष अनामिका सिंह ने बताया कि इस पैड की खासियत यह है कि माहवारी के दौरान महिलाओं को यह एनर्जेटिक रखता है वह इसलिए क्योंकि इसमें ओनियन पल्प का इस्तेमाल किया जा रहा है, बहुत सारे सेनेटरी पैड में इसका उपयोग नहीं होता है परंतु गौठान में निर्मित पैड में इसका उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने आगे इसकी और खासियत के बारे में बताया कि इस पैड में जेल सीट का उपयोग किया जा रहा है जबकि आमतौर पर अन्य पैड में यह नहीं होता है, अनामिका ने कहा कि मार्केट से यह सस्ती दर पर उपलब्ध होगा उद्देश्य यह है कि यह ऐसी महिलाओं तक पहुंचे जो पैड को लेकर ज्यादा खर्च वहन नहीं कर सकती है। महिलाओं ने बताया कि 2015 से समूह कार्य कर रही है उन्होंने पहले पापड़, अचार, बिजोरी, बड़ी बनाने के कार्य को अपनाया था परंतु 2018 में जबसे निगम में पंजीयन हुआ इन्हें मोटिवेशन मिला और घरेलू सामग्रियों को बनाने की अपेक्षा इन्होंने कुछ अलग करने की ठानी और सेनेटरी पैड बनाने का कॉन्सेप्ट मन में आया। महापौर नीरज पाल ने स्व सहायता समूह की महिलाओं को बेहतर प्लेटफार्म देने के लिए गौठान में ऐसी महिलाओं को स्थान दिया है जो महिलाओं के स्वास्थ्य की दिशा में भी अग्रणी होकर कार्य कर सकती हैं और आर्थिक आय भी अर्जित कर सकती हैं। जगत जननी महिला स्व सहायता समूह में लगभग 14 महिलाएं काम कर रही है इसमें कोषाध्यक्ष फूलवती भगत और सचिव प्रमिला डडसेना का काफी अहम रोल है। जरूरी प्रोसेस और हाई टेक्नोलॉजी से तैयार हो रहा सेनेटरी पैड सेनेटरी पैड तैयार करने की बात करें तो यह हर उस प्रोसेस से गुजर रहा है जिसकी जरूरत एक बेहतर पैड को होती है, महिलाओं की सुरक्षा को इसमें खासा ध्यान रखा गया है। सेनेटरी पैड में वुड पल्प, ओनियन सीट, वावेल सीट, बैक सीट एवं फ्रंट सीट तथा जेल सीट इस्तेमाल किया जा रहा है।

रूआबांधा के तीन वार्ड के लिए शिविर रूआबांधा हाई स्कूल में

# दिव्यांग महिला का पेंशन हो गया था बंद, शिविर में पहुंची तो समस्या का हुआ निदान




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली।** लंबे समय से पेंशन नहीं मिलने से परेशान दिव्यांग महिला ने निदान 40 शिविर में राहत की सांस ली। रिसाली नगर पालिक निगम के अधिकारियों ने त्वरित कार्यवाही करते हुए पेंशन दिलाने औपचारिकता पूरी की। वहीं आधार कार्ड को भी संशोधित कराया गया।

पॉश कालोनी तालपुरी ए व बी ब्लाक के लिए बी ब्लाक क्लब हाउस में शिविर का आयोजन किया। शिविर में दोनो पैर से दिव्यांग प्रभा भूरे पेंशन नहीं मिलने की शिकायत की। आयुक्त आशीष देवांगन के निर्देश पर अधिकारियों ने त्वरित करते हुए आगामी माह से पेंशन नियमित मिलने का आश्वासन दिया। साथ ही त्रुटिपूर्ण आधार को बिना देरी किए सुधारा गया। शिविर में कार्यपालन अभियंता सुशील बाबर समेत निगम के विभाग प्रमुख व पार्षद सविता ढवस उपस्थित थे।

### छूट के अंतिम दिवस लगी कतार

प्रावधान के तहत निगम संपत्तिकर जमा करने वालों को सवा छः प्रतिशत की छुट दे रही है। मंगलवार को छुट का अंतिम दिन था। तालपुरी वासियों ने अंतिम दिन छुट का लाभ लेने कतारबद्ध तरीके से खड़े थे। शिविर समय तक निगम के खजाने में 1 लाख 92 हजार 7 सौ 12 रूपए आए।

### 76 प्रकरणों का त्वरित निराकरण

पॉश कालोनी में पेयजल से संबंधित सार्वधिक शिकायते मिली। यहां पर 70 लोगों ने आवेदन प्रस्तुत किया। वही 52 आवेदन राशन कार्ड से संबंधित थे। इसके अलावा साफसफाई नहीं होने की 46 शिकायत थी।

# अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस पर भिलाई निगम क्षेत्र में हुए विविध आयोजन, नशा मुक्ति के लिए चलाया गया अभियान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे के निर्देश पर अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस के अवसर पर भिलाई निगम क्षेत्र में विभिन्न आयोजन किए गए तथा मुनादी करके लोगों के इसके दुष्परिणामों के बारे में बताया गया। विगत 3 दिनों से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

नगर निगम भिलाई, स्वास्थ्य विभाग एवं सामाजिक कल्याण विभाग के समन्वय से भिलाई निगम क्षेत्र अंतर्गत रुंगटा कॉलेज में कार्यशाला रखा गया जिसमें धूम्रपान से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में चिकित्सकों ने जानकारी दी। जनमानस में धूम्रपान निषेध के विरुद्ध सकारात्मक वातावरण निर्मित हो सके। तंबाकू या तंबाकू युक्त निर्मित उत्पाद के सेवन से सभी वर्गों में गंभीर व्याधि परिलक्षित हो रही है जो सभी के लिए चिंता का विषय है इस प्रवृत्ति के विरुद्ध कार्यक्रम आयोजित कर नशा पान के दुष्परिणामों को परिचारित करने के लिए भिलाई निगम क्षेत्र में अभियान चलाया गया। जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा धूम्रपान निषेध से संबंधित प्रदाय की गई ऑडियो रिकॉर्डिंग को मुनादी के माध्यम से निगम क्षेत्रों में प्रचारित किया गया। अजय शुक्ला के माध्यम से नुक्कड़, नाटक, रैली के माध्यम से नशा छोड़ने जागरूकता अभियान चलाया गया और संकल्प पत्र भरा कर नशा मुक्ति के लिए प्रेरित किया गया। स्मृति नगर जुनवानी के सूर्या माल में रोलप्ले का आयोजन भी किया गया इसमें यह बताया गया कि व्यक्ति नशा की ओर धीरे-धीरे अग्रसर होता है और वह नशा उसे किस तरह से जकड़ लेता है जिससे शारीरिक व आर्थिक दोनों तरह के नुकसान होते हैं।

# निगम प्रशासन ने 05 कर्मचारियों को दी स-सम्मान विदाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके नगर पालिक निगम के 05 कर्मचारियों को ससम्मान विदाई दी गई। निगम प्रशासन की ओर से कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह, शॉल और श्रीफ्ल भेंट करते हुए सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना किए।

इसके पूर्व सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों ने भिलाई निगम में सेवाकाल के दौरान आई कठिन परिस्थितियों को बताते अपने अनुभव को साझा करते हुए सभी को एकजुट होकर कोरोना काल से निपटने के लिए प्रेरित किए।



अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों ने निगम के हर कठिन परिस्थितियों में काम करते हुए कई उपलब्धियां हासिल किए है जिसके लिए उन्होंने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किए और सेवानिवृत्त होने के बाद अब आप सभी पूरे परिवार के साथ अच्छा जीवन बिताएं और अपने अनुभवों के साथ समाज के अच्छे कार्यों में सहभागी बने। उपायुक्त रमाकांत साहू ने सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इन्होंने निगम प्रशासन को मजबूत स्तंभ करने में अपनी सेवाएं दी है। अधीक्षण अभियंता बी.के. देवांगन ने सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को कहा कि सेवानिवृत्त के बाद किसी भी जरूरत पर आप बेझिझक निगम परिवार से मदद ले सकते है, सेवानिवृत्त के बाद भी निगम परिवार का हिस्सा है, विभिन्न उपलब्धियों में आप लोगों की भूमिका रही है। सभागार में आयोजित सेवानिवृत्त कार्यक्रम में श्री गैंदसिंह ताम्रकार पिता श्री माधो साव अधीक्षण अभियंता संचालक, संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास इन्द्रावती भवन अटल नगर रायपुर, श्री जवाहर चन्द्राकर पिता श्री हेमलाल सहा. राज. निरीक्षक जोन 02, श्री ठाकुर राम पिता श्री रामेश्वर माली उद्यान विभाग, श्री प्रकाश बोरकर पिता श्री केशव राव बोरकर सहायक मिस्त्री जोन 04 एवं श्री कन्हैया पिता श्री खड्डू सफाई कामगार जोन 01 को जो कि साडा कार्यकाल से निगम में सेवा प्रदान कर रहे थे आज उनको प्रतीक चिन्ह देकर भेंट कर बिदाई दी गई। कार्यक्रम में स्वास्थ्य अभियंता टीके रणदीवे, संजय शर्मा, सुनील दुबे, अर्पित बंजारे, बसंत साहू, संजय बागड़े, अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा, स्टेनो पुरूषोत्तम साहू, स्थापना विभाग से तुलसीवृंदा देवांगन, अजय शुक्ला, संजय शर्मा, शरद दुबे, कर्मचारी संघ के सदस्य एवं निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

राशन कार्ड एवं पेंशन से संबंधित आवेदनों का किया जा रहा है त्वरित निराकरण

# जनसमस्या समधान शिविर में हितग्राहियो को राशन कार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र का किया गया वितरण

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** नगर निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत आम जनता की समस्या के त्वरित निराकरण के लिए लगातार जन समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत आज वार्ड क्रमांक 42,43 एवं 44 में उक्त शिविर का आयोजन शासकीय प्राथमिक शाला साई मंदिर के सामने किया गया।

जहां कुल 74 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 70 विभिन्न-विभिन्न मांगों के प्राप्त हुए वही 4 जन समस्या से जुड़े हुए आवेदन प्राप्त किए गए हैं,जिसको संबंधित अधिकारी को प्रेषित किया गया कि उनका निराकरण तत्काल किया जा सके गौरतलब है कि दुर्ग नगर निगम द्वारा आम जनमानस के लिए लगातार जन समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है ताकि लोगों को इधर-उधर ना भटकना पड़े शिविर के माध्यम से लोगों की समस्या का तत्काल निराकरण किया जा सके।

नगर निगम द्वारा विभिन्न जगहों पर लंबे समय से शिविर का आयोजन किया जाता रहा है आज के शिविर में दुर्ग निगम कमिश्नर हरेश मंडावी स्वयं उपस्थित रहकर शिविर का निरीक्षण किया एवं प्राप्त समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया एवं अपने समक्ष बने हुए राशन कार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र का वितरण वार्ड पार्षदों की उपस्थिति में किया गया।

आज जन समस्या निवारण शिविर में अधिकतर आवेदन प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित प्राप्त हुए एवं पट्टे,राशन कार्ड बनवाने हेतु प्राप्त आवेदनों को सक्षम अधिकारियों को प्रेषित किया गया इस शिविर में एमआईसी सदस्य एवं वार्ड पार्षद दीपक साहू, पार्षद श्रीमती मनी गीते एवं पार्षद प्रकाश जोशी उपस्थित रहे।

उन्होंने अपने-अपने वार्डों के हितग्राहियों के आवेदन पत्रों के समुचित निराकरण हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों से मिलकर उनके निराकरण का प्रयास कर संबंधित लोगों को जानकारी दी गई।कल दिनांक 1 जून दिन बुधवार को जनसमस्या समाधान शिविर का आयोजन वार्ड क्रमांक 45 एवं 46 का स्वामी विवेकानंद भवन पद्मनाभपुर में किया गया है।अत: संबंधित वार्ड के नागरिको से अपील की जाती है कि वे अपनी समस्यों के निराकरण के लिए शिविर में उपस्थित होकर इसका लाभ उठाएं।

# सी मार्ट में रखे जाएंगे विक्रय के लिए बेहतर प्रोडक्ट डीएफओ एवं सीईओ और आयुक्त ने बैठक में दिए टिप्स

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में आज सी मार्ट में विक्रय के लिए रखे जाने वाले उत्पादों को लेकर बैठक में अधिकारियों द्वारा टिप्स दिए गए। वही प्रोडक्शन से लेकर विक्रय तक की प्रक्रिया को लेकर चर्चा की गई। सी मार्ट में क्वालिटी प्रोडक्ट वाले सामग्री विक्रय के लिए रखे जाएंगे।



जिसके लिए जिला वन मंडलाधिकारी शशि कुमार, जिला पंचायत सीईओ अश्वनी देवांगन एवं आयुक्त प्रकाश सर्वे ने राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के मिशन मैनेजर और सहायक परियोजना अधिकारी तथा इससे जुड़े महिलाओं को गुर सिखाए। जिला वन मंडलाधिकारी ने लघु वनोपज के बारे में जानकारी दी, वही जिला पंचायत सीईओ अश्वनी देवांगन ने कहा कि स्व सहायता समूह की महिलाएं जो उत्पाद तैयार कर रही है उसकी एरिया लेवल फेडरेशन के माध्यम से मानिटरिंग हो, उन्होंने कहा कि सी मार्ट में बेहतर क्वालिटी के प्रोडक्ट्स रखे जाएंगे, स्व सहायता समूह की महिलाएं पहले से ही घरेलू सामग्रियां तैयार कर रही है, इन प्रोडक्ट की क्वॉलिटी मेंटेन करते हुए इसकी ब्रांडिंग की जानी भी आवश्यक है। विक्रय के लिए हर वह सामग्री जो एक बड़े मॉल में होता है वैसे ही सी मार्ट में सामग्रिया रखी जाएंगी। उल्लेखनीय है कि महापौर नीरज पाल के निर्देश पर पावर हाउस में सी मार्ट तैयार किया जा रहा है, भव्य रूप से इस सी मार्ट को अंतिम स्वरूप दिया जा रहा है।

स्व सहायता समूह की महिलाएं अपने बनाए हुए उत्पादों का विक्रय सी मार्ट के माध्यम से कर पाएंगे और इन्हें रोजगार के साधन के लिए बेहतर प्लेटफार्म मिल पाएगा। सी मार्ट में सामग्रियों की बेहतर क्वालिटी और क्वांटिटी के लिए इसमें वर्किंग कर रही स्व सहायता समूह की महिलाएं तथा एरिया लेवल फेडरेशन को चयनित करने का कार्य राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अधिकारी करेंगे। आज की बैठक में अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा, वन विभाग से आशीष हरमुख, कार्यपालन अभियंता संजय बांगड़े, एनयूएलएम के सहायक परियोजना अधिकारी फ्णींद्र बोस एवं मिशन मैनेजर आदि उपस्थित रहे।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950